आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674

अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 175 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com | अजमेर, शनिवार,16 मई, 2026 | www.Lokvarta.net

# पेट्रोल-डीजल हुए महंगे

## पेट्रोल-डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर हुए महंगे

## नई कीमतें लागू

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। दिल्ली में अब पेट्रोल 97.77 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। डीजल की कीमत 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है। नए दाम आज 15 मई से लागू हो गए हैं। करीब 2 साल बाद दामों में ये बढ़ोतरी की गई है। वहीं कंपनियों को अभी भी पेट्रोल-डीजल पर 25-30 रूपये प्रति लीटर का घाटा हो रहा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों के साथ प्रमुख शहरों में सीएनजी भी रू 2 प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं। दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी के लिए 79.09 खर्च करने होंगे।

**राहुल बोले- मोदी सरकार की गलती की कीमत जनता चुकाएगी** इस बीच राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'गलती मोदी सरकार की, कीमत जनता चुकाएगी।' उन्होंने आगे कहा कि 3 रुपए का झटका तो लग चुका है, बाकी की वसूली अभी किस्तों में की जाएगी। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार की गलतियों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए




हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

**पड़ोसी देशों में बढ़े दाम, भारत में अब हुआ इजाफा** सरकार अब तक यह तर्क देती रही थी कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल आया है। इसके चलते पाकिस्तान, नेपाल और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 15% से 20% तक बढ़ गईं, लेकिन भारतीय उपभोक्ताओं पर इसका बोझ नहीं डाला गया। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मार्च 2024 से स्थिर बनी हुई थीं। लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले सरकार ने कीमतों में 2 प्रति लीटर की कटौती कर जनता को राहत दी थी।

हालांकि, तकनीकी रूप से भारत में ईंधन की कीमतें विनियमित हैं और कंपनियां अंतरराष्ट्रीय क्रूड की 15 दिनों की औसत कीमत के आधार पर हर दिन रेट बदल सकती हैं, लेकिन राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण इन्हें लंबे समय तक नहीं बदला गया।

## राजस्थान में पेट्रोल 109 रुपए लीटर से भी महंगा

### हर जिले में 3 रुपए से ज्यादा बढ़ी दरें

**जयपुर।** पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की रेट में बढ़ोतरी कर दी है। शुक्रवार से ही नई रेट लागू हो गई है। रेट बढ़ने के बाद राजधानी में जयपुर में पेट्रोल अब 107.97 रुपए प्रति लीटर हो गया है। वहीं, श्रीगंगानगर, बीकानेर और सवाई माधोपुर में पेट्रोल की नई कीमत 109.46 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गई है। संभवत: ये राजस्थान में सबसे ज्यादा है। यहां डीजल भी अब 94.74 लीटर का हो गया है। इसके साथ ही प्रीमियर पेट्रोल के दाम भी बढ़ाए गए हैं। इसमें 3.25 रुपए का इजाफा किया गया है। इससे पहले 20 मार्च को प्रीमियम पेट्रोल के दाम बढ़ाए गए थे। तब 2 रुपए 16 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। माना जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण रेट बढ़ाए गए हैं। जयपुर में पेट्रोल की कीमत में प्रति लीटर करीब 3 रुपए 25 पैसे की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, डीजल 3 रुपए 2 पैसे बढ़कर कीमतों में अचानक हुई इस बढ़ोतरी के बाद आम लोगों, वाहन चालकों और ट्रांसपोर्ट सेक्टर से जुड़े कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर मध्य पूर्व में तनाव लंबे समय तक जारी रहता है, तो आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में और बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

## संक्षिप्त खबरें



### चीन के साथ शानदार ट्रेड डील हुई, दोनों देशों को फायदा होगा-ट्रम्प

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तीन दिन का चीन दौरा पूरा कर वापस रवाना हो गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से अंतिम दौर की बातचीत की। दोनों नेताओं की यह बैठक बीजिंग के झोंगनानहाई परिसर में हुई। इसे चीन के शीर्ष नेतृत्व का सबसे सुरक्षित और गोपनीय सत्ता केंद्र माना जाता है। बैठक के बाद ट्रम्प ने बताया कि चीन के साथ शानदार ट्रेड डील हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से अमेरिका और चीन दोनों को फायदा होगा। ट्रम्प ने कहा, 'हमने कुछ शानदार समझौते किए हैं, जो दोनों देशों के लिए अच्छे हैं।' हालांकि उन्होंने इन समझौतों की ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की। रवाना होते वक्त ट्रम्प को बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। चीनी विदेश मंत्री वांग यी उन्हें एयरपोर्ट तक छोड़ने आए।

### सुप्रीम कोर्ट स्टाफ को 2 दिन का वर्क फ्रॉम होम, जज कार पूलिंग करके कोर्ट जाएंगे

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी की ईंधन बचत की अपील पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वर्किंग को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। अब कोर्ट के हर विभाग का स्टाफ दो दिन वर्क फ्रॉम होम पर रहेगा। सभी जज कार पूल करेंगे। रजिस्ट्री से जुड़ा 50 फीसदी स्टाफ भी घर से काम करेगा। सोमवार, शुक्रवार और मिसलेनियस डे ( जो दिन पहले से तय नहीं होते) पर लिस्ट मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी। इसके अलावा कोर्ट के अन्य वर्किंग डे में भी सुनवाई ऑनलाइन ही की जाएगी। कोर्ट ने रजिस्ट्री विभाग को निर्देश दिया है कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिंक समय पर भेजें और टेक्निकल सपोर्ट हर समय उपलब्ध रहे, जिससे अदालत की कार्यवाही प्रभावित न हो। सुप्रीम कोर्ट सचिव जनरल भारत पराशर ने इस संबंध नें सर्कुलर जारी किया है। पीएम मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील का असर देश के राज्यों में भी दिखने लगा है। शुक्रवार को केरलम के सीएम बनने जा रहे वीडी सतीशन पद संभालने से पहले ही अपने काफिले में केवल तीन गाड़ियां रखने का फैसला किया है, जिसमें सिर्फ एक पायलट और एक एस्कॉर्ट वाहन चलेगा। एक दिन पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस गुरुवार को एमएलसी शपथ ग्रहण समारोह के लिए बाइक से विधान भवन पहुंचे थे। दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने पेट्रोल-डीजल की बचत के लिए नए आदेश जारी किए। अब दिल्ली में सरकारी कर्मचारी हफ्ते में 2 दिन 'वर्क फ्रॉम होम' करेंगे। 50% सरकारी बैठकें ऑनलाइन होंगी।


## भारत-यूएई के बीच एलपीजी सप्लाई पर समझौता

### राष्ट्रपति अल नाहयान के साथ बैठक में फैसला



**दुबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएईदौरे पर पहुंचे हैं। अबूधाबी पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यूएई एयरफोर्स के एफ-16 फाइटर जेट्स ने प्रधानमंत्री के विमान को एस्कॉर्ट किया।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों देशों के बीच एलपीजी सप्लाई को लेकर अहम समझौता हुआ। इसके अलावा स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व, रक्षा सहयोग और वडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर से जुड़े एमओयू भी साइन किए गए। यूएई ने भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में 5 अरब डॉलर निवेश का ऐलान भी किया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, निवेश और वेस्ट एशिया के हालात पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी का यूएई दौरा खत्म हो गया हैं। उनका यह दौरा केवल करीब 180 मिनट का था। इस दौरे में भारत और यूएई के बीच कई समझौतों पर सहमति बनी। इसमें एलपीजी सप्लाई और ऊर्जा समझौता सबसे अमह माना जा रहा है। इसके अलावा, पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई जिसमें पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के बारे में भी बात हुई।



## मानसून 26 मई को केरलम पहुंचेगा

### देश के कई राज्य हीटवेव की चपेट में

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि मानसून केरलम में 26 मई को दस्तक दे सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, फिर देश के दूसरे हिस्सों को कवर करने के लिए उत्तर की ओर बढ़ता है। पिछले साल मानसून 24 मई को आया था। 2025 में सामान्य से 8% ज्यादा बारिश हुई थी। 30 सितंबर 2025 को मौसम विभाग ने बताया था कि पूरे देश में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक बारिश (937.2 मिमी) दर्ज की गई। आईएमडी चीफ मृत्युंजय महापात्रा ने इसे बहुत सफल सीजन बताया था। हालांकि देश के कई हिस्सों में अभी भी बारिश जारी है। यूपी में बुधवार को आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। उधर का देश का आधे से ज्यादा हिस्सा हीटवेव की चपेट में है। महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में गुरुवार को तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। महाराष्ट्र का अकोला 45.9 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा।

## नीट अगले साल से ऑनलाइन होगी

### इस साल रद्द हुई परीक्षा 21 जून को, यह पेपर-पेंसिल से होगी




**नई दिल्ली।** अगले सत्र से नीट-यूजी परीक्षा ऑनलाइन होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने माना कि 3 मई को हुई नीट-यूजी-2026 की परीक्षा के पेपर लीक हुए थे। उन्होंने कहा, 'हम नहीं चाहते थे कि कोई गलत कैंडिडेट सिलेक्ट हो जाए। इसलिए हमने बड़ी जिम्मेदारी से परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। अब यह परीक्षा रविवार 21 जून को होगी। 7 मई को गड़बड़ी का पता चला था। एनटीए ने सरकार को बताया। फिर 12 मई को रीएग्जाम का फैसला लिया गया। शिक्षा मंत्री ने कहा, 'रीएग्जाम में छात्रों को 15 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम मिलेगा। छात्र रीएग्जाम में अपनी पसंद का सेंटर चुन पाएंगे।' इससे पहले 3 मई को यह एग्जाम देश के 551 और विदेशों के 14 शहरों में हुई था। इसके लिए 5400 से ज्यादा एग्जाम सेंटर्स बनाए गए थे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, 'राधाकृष्ण समिति की सिफारिशों का पालन करने के बावजूद यह उल्लंघन कैसे हुआ। ऐसे में सरकारी मशीनरी यह सुनिश्चित करेगी कि इस बार कोई अनियमितता न हो। मंत्री के रूप में, अभिभावक के रूप में, अधिकारी के रूप में हमें परीक्षा रद्द करने का कठिन निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमें सुधारों के लिए कई सुझाव मिले हैं।

### नीट पेपर लीक में पुणे का केमेस्ट्री प्रोफेसर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में शुक्रवार को 8वीं गिरफ्तारी हुई। पुणे से केमेस्ट्री प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी आरोप है कि उन्होंने परीक्षा से पहले स्टूडेंट्स को सवाल और उनके सही जवाब बता दिए थे। सीबीआई कुलकर्णी को ही लीक मामले का मास्टरमाइंड बता रही है। जांच एजेंसी के मुताबिक कुलकर्णी लातूर का रहने वाला हैं। केमिस्ट्री का डोमेन एक्सपर्ट हैं। कई सालों तक नीट पेपर तैयार करने वाले पैनल का हिस्सा भी रहा हैं। कुलकर्णी को पेपर तक सीधी पहुंच थी। वह पुणे में अपने घर पर कोचिंग क्लास चलाता था। जहां वो पहले ही नीट पेपर में आने वाले सवालों का जवाब कैंडिडेट्स को बता देता था। 3 मई के पेपर से पहले अप्रैल के आखिरी हफ्ते में आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से कई स्टूडेंट्स लीक पेपर दिया।

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

संकट बढ़ गया तेल का, यह सब युद्ध का खेल
कब तक चलती व्यवस्था, सिस्टम होना ही था फेल
क्या-क्या दिखेंगे अब दिन, यह किसी को नहीं पता
ट्रंप को भी क्या कुछ बोले, सारी उसी की है खता

..मुखिया जी

## मुख्यमंत्री की अभिनव पहल - राजस्थान यूनिफाइड नेटवर्क फॉर न्यू एक्शन (राज उन्नति)

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज उन्नति की 5वीं बैठक

## विकास कार्यों में देरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं,

### प्रोजेक्ट्स की टाइमलाइन एवं क्वालिटी सुनिश्चित करें अधिकारी-भजनलाल शर्मा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज उन्नति की पांचवी बैठक में 7 विभागों की लगभग 33 हजार 39 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति को लेकर निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि परियोजनाओं को तय समयसीमा में धरातल पर उतारकर आमजन तक उसका लाभ पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में लेटलतीफी ना करें तथा प्रोजेक्ट्स की टाइमलाइन एवं क्वालिटी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पूरे प्रदेश में कहीं पर भी आमजन को पानी की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सभी कलक्टर अपने जिले की पेयजल से जुड़ी शिकायतों का अतिशीघ्र निस्तारण करें।

**शीघ्र शुरू हो ई-बस, डिपो एवं चार्जिंग स्टेशन के काम को दें तेजी** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अपील के अनुरूप राष्ट्रहित में ईंधन की बचत एवं ऊर्जा संरक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शीघ्र ही शुरू की जाने वाली ई-बसों के संचालन से शहरों में प्रदूषण कम होगा। साथ ही, पेट्रोल एवं डीजल की भी बचत होगी। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि परिवहन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र ई-बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने संबंधित शहरों में डिपो, चार्जिंग स्टेशन के कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि शहरी ट्रांसपोर्ट सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर और अलवर सहित प्रमुख शहरों में ई-बस संचालन किया जाएगा।

प्रधानमंत्री की ईंधन संयम की अपील पर मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला

## जयपुर में होने वाला ग्राम-2026 अब 23-25 मई को नहीं होगा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की खपत में संयम बरतने की अपील के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आगामी 23 से 25 मई तक जेईसीसी, जयपुर में प्रस्तावित ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम-2026) को कुछ समय के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का समझदारी से उपयोग करने का आग्रह किया है और सार्वजनिक परिवहन तथा कारपूलिंग अपनाने की सलाह दी है। इसे दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री ने ग्राम जैसे बड़े आयोजन को स्थगित करने का फैसला किया, क्योंकि इस आयोजन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में किसान तथा देश-विदेश से कृषि विशेषज्ञ और उद्यमी शामिल होने वाले थे। इस निर्णय से अतिथियों के आवागमन और लॉजिस्टिक्स परिवहन में लगने वाला ईंधन बचाया जा सकेगा।

## जनगणना 2027 - मकान सूचीकरण एवं मकान गणना की शुरुआत

### घर आने वाले जनगणना कर्मियों का करें सहयोग

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य में जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकानसूचीकरण एवं मकानगणना) के अंतर्गत 'स्व गणना' का कार्य 1 मई, 2026 से 15 मई, 2026 तक सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। इस प्रक्रिया में प्रदेश के लगभग 15 लाख परिवारों ने स्वयं अपनी सूचनाएँ दर्ज करने के विकल्प का उपयोग किया है। भारत में पहली बार मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल जनगणना की जा रही है। अधिसूचना के क्रम में, अब जनगणना का अगला चरण 16 मई से 14 जून तक संचालित किया जाएगा। जिसमें प्रगणक घर- घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे।

जिन परिवारों ने स्व गणना की है, प्रगणक उनके द्वारा दी गई सूचनाओं की पुष्टि करेंगे एवं जिन परिवारों ने स्व गणना नहीं की है, उनसे प्रगणक सीधे प्रश्न पूछकर जानकारी पोर्टल पर दर्ज करेंगे। प्रगणक मकान की निर्माण सामग्री (फर्श, दीवार और छत),परिवार के मुखिया का विवरण, सदस्यों की कुल संख्या,पेयजल, प्रकाश, शौचालय और रसोईघर (एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन) की उपलब्धता एवं संपत्ति और सुविधाएं जैसे टेलीविजन, इंटरनेट, लैपटॉप, वाहन (साइकिल, कार आदि) उपयोग किया जाने वाला मुख्य अनाज , संपर्क हेतु मोबाइल नंबर के सम्बन्ध में 33 प्रश्न पूछेंगे। आर्थिकी एवं सांख्यिकी निदेशालय के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव विनेश सिंघवी ने प्रदेशवासियों से अनुरोध किया है कि जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए घर आने वाले जनगणना कर्मियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें । नागरिकों से अपेक्षा है कि वे प्रगणकों को सही एवं स्पष्ट सूचना उपलब्ध कराएं और उन्हें मकान या परिसर में प्रवेश की अनुमति दें ।

CMYK

## जन संवाद पदयात्रा में प्राप्त परिवेदनाओं पर सांसद दुष्यंत सिंह ने ली समीक्षा बैठक

# परवन परियोजना, पेयजल, विद्युत एवं विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**मानसून से पूर्व तैयारियां पूर्ण कर आमजन को राहत देने पर जोर**

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** दुष्यंत सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को मिनी सचिवालय सभागार में सारोलकला-खानपुर क्षेत्र में आयोजित पांचवें चरण की जन संवाद पदयात्रा के दौरान आमजन से प्राप्त परिवेदनाओं एवं समस्याओं के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सांसद द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में सर्वप्रथम खानपुर क्षेत्र की महत्वपूर्ण परवन वृहद सिंचाई परियोजना के प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। सांसद ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून से पूर्व अधिकतम निर्माण कार्य पूर्ण कर इस वर्ष वर्षा ऋतु में बांध को भरने की समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि जनसंवाद यात्रा के दौरान सिंचाई से वंचित ग्रामो को परवन परियोजना के सिंचित क्षेत्र में जोड़ते हुए सुनिश्चित किया जाए कि खानपुर क्षेत्र का एक भी ग्राम सिंचाई सुविधा से वंचित ना रहे। सांसद



ने सोजपुर अकावदखुर्द सम्पर्क सड़क की पेच रिपेयर व कॉन्क्रीट रोड़ का कार्य प्रारम्भ कर शीघ्र पूर्ण कराए जाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मानसून में बांध को आंशिक रूप से भरने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, आंषिक जल भराव के आधार पर पूर्ण भराव के सम्भावित प्रभावित आबादी व मकानो एवं कृषि भूमि के रास्तों में जल भराव की समस्या का आंकलन कर मुआवजा भुगतान या जल स्तर में कोई संषोधन आवष्यक है, तो कार्यवाही सुनिष्चित की जा सकेगी।

### चुंगी चौकी मार्ग पर सीवरेज बना मुसीबत, मुख्य सड़क पर बह रही गंदगी ; व्यापारियों में भारी रोष

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में चुंगी चौकी मुख्य सड़क मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली पर आँसू बहा रहा है। यहाँ सीवरेज का चैंबर ओवरफ्लो होने के कारण गंदा और बदबूदार पानी मुख्य सड़क पर बह रहा है, जिससे पूरा क्षेत्र नारकीय स्थिति में तब्दील हो गया है। आलम यह है कि गंदगी के कारण स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों और आम जनता का पैदल निकलना भी दूभर हो गया है।सड़क पर लगातार बह रहे सीवरेज के पानी के कारण स्थानीय व्यापारियों का धंधा चौपट होने की कगार पर है। दुकानदारों का कहना है कि बदबू और कीचड़ की वजह से ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुँच पा रहे हैं। वहीं, भीषण गर्मी के बीच सड़क पर जमा यह गंदा पानी संक्रामक बीमारियों को न्योता दे रहा है।

## न्यूज विंडो

### जिला परिषद कोटा की साधारण सभा बैठक 18 मई को
### विभिन्न विकास एवं जनहित मुद्दों पर होगी चर्चा

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला परिषद कोटा की साधारण सभा की बैठक का आयोजन 18 मई को दोपहर 1 बजे जिला परिषद सभागार में आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल करेंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमल कुमार मीणा ने बताया कि बैठक में गत साधारण सभा की बैठक की अनुपालना रिपोर्ट के अनुमोदन सहित सड़क, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा कृषि विभाग सहित हस्तान्तरित विभागों की योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की गतिविधियों तथा मनरेगा योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुमोदन पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही राज्य वित्त आयोग (षष्ठम) एवं पंद्रहवें वित्त आयोग मद की वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुमोदन संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा होगी। बैठक में पंचायत समिति सांगोद की ग्राम पंचायत मोईकंला एवं अमृतकुआं में परवन अकावद पेयजल परियोजना हेतु स्वच्छ भूतल जलाशय, पम्प हाउस एवं उच्च जलाशय निर्माण के लिए भूमि आवंटन प्रस्ताव के अनुमोदन पर भी चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर भी विचार किया जाएगा।

### रीको के नजदीक सरकारी जमीन पर 'रसूखदारों का राज'
### किशनपुरिया में सरकारी भूमि पर कब्जों का साम्राज्य, राजस्व विभाग बना मुकदर्शक




**बिजौलिया (हुक्मनामा समाचार)।** एक तरफ सरकार विकास, निवेश और नए औद्योगिक प्रोजेक्ट्स के सपने दिखा रही है, दूसरी तरफ बिजौलिया क्षेत्र में सरकारी और चारागाह भूमि पर कब्जों का ऐसा खेल चल रहा है जिसने पूरे प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। लक्ष्मी खेड़ा पटवार हलका के किशनपुरिया गांव में रीको क्षेत्र के आसपास और भेरूजी मंदिर के सामने स्थित करोड़ों रुपए कीमत की सरकारी बिलानाम भूमि आज रसूखदारों के कब्जे में सिमटती जा रही है। आरोप है कि पत्रकार, नेता, सरकारी कर्मचारी और प्रभावशाली लोग अपने पद, पहुंच और राजनीतिक संरक्षण का इस्तेमाल कर सैकड़ों बीघा सरकारी जमीन पर कब्जा जमाए बैठे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर रहा है। सबसे ज्यादा चर्चा नगर के ललित कुमार चावला को लेकर है, जिस पर आराजी नंबर 33 में अपनी पत्नी विनीता के नाम पर करीब एक लाख स्क्वायर फीट सरकारी बिलानाम भूमि पर कब्जा कर लिया गया हैं। क्षेत्र में यह मामला अब चर्चा का सबसे बड़ा विषय बन चुका है। लोगों का कहना है कि जिस प्रशासन का बुलडोजर गरीब की झोपड़ी पर कुछ घंटों में पहुंच जाता है, वही प्रशासन रसूखदारों के आलीशान कब्जों के सामने मौन साधे बैठा है।

**'कागजों में कार्रवाई, जमीन पर कब्जों की बढ़ती दीवारें'**

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से बेदखली आदेश जारी होते रहे, नोटिस चस्पा किए जाते रहे, लेकिन मौके पर न तो कब्जे हटे और न ही किसी बड़े नाम पर हाथ डाला गया। नतीजा यह हुआ कि सरकारी जमीन धीरे-धीरे अतिक्रमणकारियों के 'निजी साम्राज्य' में बदलती चली गई। लोगों का कहना है कि प्रशासन की कार्रवाई भी अब सवालों के घेरे में है। छोटे अतिक्रमणों पर तुरंत कार्रवाई और बड़े कब्जों पर चुप्पी यह संकेत देती है कि विभागीय कार्रवाई कहीं न कहीं 'इशारों' पर संचालित हो रही है।

# पिड़ावा में 17 मई से होगा 9 दिवसीय मुनि ब्रम्हानन्द सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर

**पिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)।** सकल दिगंबर जैन समाज एवं श्रमण विहार संघ पिड़ावा के तत्वावधान में 17 मई से 25 मई 2026 तक नौ दिवसीय 'मुनि ब्रम्हानन्द सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर' का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन पार्श्वनाथ दिगंबर जैन जुना मंदिर एवं कटला खंडूपुरा परिसर में किया जाएगा। समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जिनेन्द्र भगवान की देशना का रसास्वादन कर आत्म कल्याण एवं आत्मा से परमात्मा बनने की प्रक्रिया को समझाना है। शिविर में ज्ञानार्जन एवं संस्कारों के माध्यम से बच्चों एवं समाजजनों को धार्मिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। शिविर का निर्देशन बाल ब्रह्मचारी सुनील भैया तारंगाजी एवं बाल ब्रह्मचारी संजय भैया पठारी द्वारा किया जाएगा। शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 7:45 बजे तक सामूहिक अभिषेक एवं पूजन होगा, जिसमें बच्चे एवं बड़े दोनों भाग लेंगे। इसके पश्चात भक्तामर स्तोत्र का अर्थ सहित अध्ययन एवं शास्त्र सार समुच्चय का वाचन कराया जाएगा। शिविर में अध्यापन कार्य ब्रह्मचारी पीयूष जैन, पंडित राजकुमार जैन, कुलदीप जैन, सचिन जैन, चेतन जैन, रानी जैन, सोनू जैन, प्रीति जैन, रक्षा जैन, प्रांजल जैन शास्त्री, कु. माधुरी



जैन, अनमोल जैन एवं टीया जैन द्वारा कराया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि 25 मई को शिविर की परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। शिविर को लेकर समाजजनों एवं बच्चों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### रबी फसलों की रूस्क्कखरीदः जनआधार मेम्बर आईडी से मिलेगा अलग पंजीकरण का लाभ

**प्रतापगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य में रबी वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर दलहन/तिलहन हेतु किसानों के पंजीकरण एवं खरीद की जा रही है जिसमें पूर्व में जनाधार फैमिली आईडी के आधार पर केवल एक ही पंजीकरण किया जा सकता था और वह उसी सदस्य के नाम से होता था जिसके नाम पर भूमि दर्ज होती थी। इस प्रावधान में संशोधन करते हुए नवीन प्रावधान किया गया है जिसके तहत अब फैमिली जनाधार आईडी के स्थान पर जनआधार मेम्बर आईडी का प्रयोग कर अन्य सदस्य, जिनके नाम पर भूमि दर्ज है, अपना अलग-अलग रूस्क्क पर पंजीकरण कर जिन्सों की खरीद करवा सकते है। यह जानकारी उप रजिस्ट्रार डॉ. किशन लाल मीणा ने दी।

### निरीक्षण दल द्वारा राजकीय कृषि महाविद्यालय केकड़ी का किया गया निरीक्षण



**केकडी (हुक्मनामा समाचार)।** कर्ण नरेंद्र सिंह कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के द्वारा नियुक्त निरीक्षण दल के प्रभारी डॉ एल एन बैरवा,डॉ डी एस भाटी व प्रोफेसर रमाकांत शर्मा द्वारा राजकीय कृषि महाविद्यालय केकड़ी के सभी संकाय सदस्य विभागों तथा छात्र-छात्राओं के साथ वार्तालाप करके निरीक्षण किया गया। प्राचार्य चेतन लाल रेगर ने बताया कि कृषि महाविद्यालय में संचालित विभिन्न कोर्स की संबद्धता हेतु विश्वविद्यालय द्वारा भौतिक निरीक्षण का कार्य प्रतिवर्ष होता है। स्थायी मान्यता हेतु सभी सुविधाओं का भौतिक निरीक्षण आवश्यक होता है निरीक्षण के समय संकाय सदस्य डॉ सुमन, डॉ सूरज, डॉ नितेश,डॉ बालकिशन,मनसाराम बैरवा, विष्णु परसोया, यशोधन, बलराम, शनि इत्यादि उपस्थित थे।

### महिला अत्याचार निवारण समिति की बैठक 18 मई को

**डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महिलाओं पर होने वाले अत्याचार संबंधी अपराधिक प्रकरणों के शीघ्र एवं सफल निस्तारण बाबत विचार विमर्श के लिए 18 मई 2026 को सायं 04 बजे जिला कलक्टर देशल दान की अध्यक्षता में महिला अत्याचार निवारण समिति की बैठक नियत की गई है। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड़ ने बताया कि बैठक संबंधि सूचना एवं गत बैठक की पालना प्रतिवेदन बैठक से पूर्व प्रस्तुत करें एवं बैठक में अनिवार्य रूप से समय पर उपस्थित होवें।

# ग्राम रथ बने योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी के सशक्त माध्यम

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश सरकार कीजनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में ग्राम रथ अभियान के तहत शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र अंता में शाहगढ़, लिसाड़िया, बारां-अटरू में बलदेवपुरा, भोजूखेड़ी, मन्यागण, बिछालस, कटावर, किशनगंज में रेलावन, छबड़ा में गुलखेड़ी, उतावली एवं गुराड़ी में ग्राम रथों से प्रचार-प्रसार कर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ऑडियो वीडियो व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजनाओं का संदेश दिया गया। अभियान में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मोबाईल वैन की एलईडी स्क्रीन पर किसानों को कृषि की नवीन तकनीकों और उन्नत पद्धतियों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

साथ ही चार वैनों से एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संदेश प्रसारित कर जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। लोक कलाकारों द्वारा गांवों में संध्या चौपाल में शाम के समय गीतों और नाटकों के जरिए योजनाओं को रोचक ढंग से समझाया जा रहा हैं। रथों पर ग्रामीणों के सुझाव लेने के लिए सुझाव पेटिका रखी गई है। रथ आज यहां करेंगे प्रचार शनिवार को विधानसभा क्षेत्र अंता में बमूलिया, बडां, बारां-अटरू में उदपुरिया, रामपुरिया, कुंजैड़, किशनगंज में भंवरगढ़, छबड़ा में धामनिया, सेकुड एवं कोटडाभगवान में ग्राम रथों से प्रचार-प्रसार कर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### ग्राम रथ अभियान से गांव-गांव पहुंच रही योजनाओं की जानकारी

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत गुरुवार को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों एवं पंचायत समितियों में ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक ने बताया कि अभियान के अंतर्गत चित्तौड़गढ़, कपासन, बेगूं, निम्बाहेड़ा एवं बड़ीसादड़ी विधानसभा क्षेत्रों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्राम रथ पहुंचकर आमजन को राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान कला जत्था के कलाकारों ने स्थानीय भाषा एवं लोक शैली के माध्यम से योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को चित्तौड़गढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बावड़ीखेड़ा, भदेसर पंचायत समिति की बानसेन, आक्या एवं पोटला कलां, बेगूं क्षेत्र की भैंसरोडगढ़ पंचायत समिति के टोलु का लुहारिया, बस्सी एवं राजपुरा, निंबाहेड़ा पंचायत समिति की बडोलीघाटा एवं बरड़ा तथा बड़ीसादड़ी क्षेत्र की धमोत्तर पंचायत समिति के ग्यासपुर, अनोपपुरा, चिकलाड एवं खूंटगढ़ ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ग्राम रथ के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

### चेक बाउंस मामले में अभियुक्त को डेढ़ साल की सजा, 18.85 लाख का जुर्माना

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट (एन.आई. एक्ट प्रकरण) न्यायालय संख्या-3 ने चेक अनादरण (बाउंस) के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए अभियुक्त को दोषी ठहराया है। न्यायालय ने अभियुक्त मुकेश जोशी को 1 वर्ष 6 माह के साधारण कारावास और 18 लाख 85 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। न्यायालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवादी देवेन्द्र जैन ने दिनांक 25 अक्टूबर 2018 को धारा 138 परक्राम्य विलेख अधिनियम के तहत परिवाद प्रस्तुत किया था। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने अभियुक्त के विरुद्ध आरोप प्रमाणित पाए। इस प्रकरण में परिवादी की ओर से अधिवक्ता राजेश शर्मा एवं अनीस शर्मा ने पैरवी की। सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान अभियुक्त पक्ष के अधिवक्ता ने दलील दी कि अभियुक्त का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, इसलिए उसे परिवीक्षा अधिनियम का लाभ दिया जाए। वहीं परिवादी पक्ष ने अभियुक्त को कठोर दंड देने और चेक राशि का दोगुना दिलाने की मांग की। दोनों पक्षों के तर्कों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने स्पष्ट किया कि चेक बाउंस आर्थिक अपराध है और ऐसे मामलों में नरमी बरतना कानून के उद्देश्य के विपरीत होगा। इस आधार पर अभियुक्त को परिवीक्षा का लाभ देने से इंकार कर दिया गया। न्यायालय ने अपने निर्णय में उच्चतम न्यायालय के एक महत्वपूर्ण फैसले का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में दंड और प्रतिकर दोनों आवश्यक हैं। आदेशानुसार, जुर्माने की पूरी राशि परिवादी को प्रतिकर के रूप में दी जाएगी। इसके अतिरिक्त न्यायालय ने निर्देश दिया कि यदि अभियुक्त जुर्माना राशि जमा नहीं करता है तो उसे एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। साथ ही, विचारण के दौरान यदि अभियुक्त न्यायिक अभिरक्षा में रहा है, तो उस अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा।

### जनजाति गरिमा उत्सव के तहत सैच्यूरेशन कैंपों का आयोजन 9 जून तक

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** जनजातीय कार्य मंत्रालय के अन्तर्गत 10 मई से 9 जून तक आयोजित हो रहे जनजाति गरिमा उत्सव में 18 से 25 मई के मध्य जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर बाल मुकुन्द असावा ने बताया कि उत्सव में 18 से 25 मई तक जिले में जन भागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले अभियान के तहत धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान व पीएम जनमन के तहत कवर होने वाले ग्रामों के आदि सेवा केन्द्रों पर धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आने वाले 17 विभागों के अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सेचुरेशन कैंपों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के संचालन के लिए शाहबाद अतिरिक्त कलक्टर व सहरिया विकास परियोजना अधिकारी जब्बर सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**कृषि विभाग की सख्त कार्रवाई**

# नियमों की अवहेलना पर उर्वरक विक्रेता का अनुज्ञापत्र निलंबित

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में उर्वरक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा यूरिया की कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) चित्तौड़गढ़ अंशु चौधरी, कृषि अधिकारी चित्तौड़गढ़ गोपाल लाल शर्मा एवं डॉ. शिवांगी जोशी द्वारा मैसर्स नवकार फर्टिलाइजर्स, मंडपिया तहसील भदेसर के विक्रय परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर मूल्य सूची एवं स्टॉक रजिस्टर निर्धारित प्रारूप में संधारित नहीं पाया गया। साथ ही अनुज्ञापत्र में 'ओ' फार्म सम्मिलित नहीं होने पर डॉ. शिवांगी जोशी द्वारा प्रतिष्ठान के उर्वरक अनुज्ञापत्र के निलंबन की अनुशंसा की गई। अनुशंसा के आधार पर मैसर्स नवकार फर्टिलाइजर्स, मंडपिया तहसील भदेसर का उर्वरक अनुज्ञापत्र निलंबित कर दिया गया। कृषि विभाग द्वारा जिले के समस्त आदान विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे नियमानुसार ही आदानों का विक्रय करें तथा प्रत्येक कृषक को अनिवार्य रूप से बिल उपलब्ध करवाएं। साथ



ही सभी आवश्यक दस्तावेज एवं अभिलेख प्रतिष्ठान पर नियमानुसार संधारित रखें।

**कृषि योजनाओं का लाभ लेकर बढ़ी आय, मजबूत हुई आर्थिक स्थिति**

### ग्राम रथ अभियान से किसानों के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव, मिल रही है योजनाओं की जानकारी

**प्रतापगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्राम रथ अभियान किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। अभियान के माध्यम से किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी मिल रही है, जिससे वे आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। जिले के कई किसानों ने योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया है। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। दलोट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बड़ी साखथली निवासी कृषक शक्तिसिंह पुत्र अनार सिंह ने बताया कि उन्होंने कृषि विभाग के कृषक प्रशिक्षण में भाग लिया, जहां उन्हें फार्मपौंड योजना की जानकारी मिली। विभागीय मार्गदर्शन के बाद उन्होंने योजना में आवेदन किया तथा प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर खेत पर फार्मपौंड का निर्माण कराया। भौतिक सत्यापन के बाद उन्हें 73 हजार 500 रुपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई। फार्मपौंड बनने से सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी उपलब्ध होने लगा, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि हुई और आर्थिक स्थिति में सुधार आया। साथ ही विभाग से प्रमाणित बीज प्राप्त कर वैज्ञानिक खेती अपनाने से उनकी आमदनी भी बढ़ी।

### सीवरेज के गंदे पानी में समाया 'जीवन ज्योति' का श्रवण 7 घंटे से रेस्क्यू जारी

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के जीवन ज्योति सेवा संस्थान से शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। संस्थान में उपचाराधीन एक 35 वर्षीय मंदबुद्धि युवक, श्रवण, संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा उसे पास ही स्थित सीवरेज के भराव क्षेत्र और गहरे दलदल की ओर जाते देखे जाने के बाद उसके डूबने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद से ही प्रशासन और बचाव टीमें उसे तलाशने में जुटी हैं, लेकिन घंटों की मशक्कत के बाद भी अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

### ग्राम रथ अभियान में पेंशन स्वीकृति से ग्रामीणों को मिली राहत

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को ग्रामीण अंचल तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में एलईडी ऑडियो-वीडियो मोबाइल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश भी ग्रामीणों तक पहुंचाया गया, जिसमें सुशासन, पारदर्शिता एवं अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। गैंता ग्राम पंचायत में अधिकारियों ने किया त्वरित समाधान इटावा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गैंता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने पेंशन संबंधी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस पर कोटा ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर, खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार जाटव एवं तहसीलदार द्वारा मौके पर ही नवीन पेंशन स्वीकृति प्रक्रिया पूर्ण करवाई गई। कार्रवाई के बाद पात्र लाभार्थी बिरधीबाई पत्नी घनश्याम प्रजापत एवं सिम्पीबाई पत्नी मदनलाल को मौके पर ही पेंशन स्वीकृति जारी की गई, जिससे उन्हें तुरंत राहत मिली। लाभार्थियों एवं ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### रेलवे अंडरब्रिज मार्ग जल्द होगा दुरुस्त, आवागमन सुचारू कराने की पहल

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में रेलवे अंडर ब्रिज स्थित क्षतिग्रस्त सड़क के दुरुस्तीकरण को लेकर भाजपा नेता आजाद शर्मा ने नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर आमजन की समस्या उठाई और शीघ्र आवागमन सुचारू रूप से शुरू करवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए निगम के कनिष्ठ अभियंता ने आजाद शर्मा के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और जल्द ही आवश्यक मरम्मत कार्य कर आवागमन बहाल करने का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान सड़क की स्थिति का जायजा लेते हुए त्वरित समाधान पर चर्चा की गई।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, प्रधान संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, समाचार संपादक (अजमेर) राजेद्र गुप्ता जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

**विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने ली नगर निगम अधिकारियों की बैठक**

# अधिकारियों को दिए निर्देश, सफाई कर्मचारी हड़ताल का निकालें समाधान

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को नगर निगम अधिकारियों की बैठक लेकर शहर की सफाई व्यवस्था, वर्षा पूर्व तैयारियों तथा विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का तार्किक एवं सकारात्मक समाधान शीघ्र निकाला जाए ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। किसी भी परिस्थिति में सफाई कार्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्थायी एवं अस्थायी सफाई कर्मचारियों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित कर कार्यों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। कर्मचारियों से संवाद बनाकर समस्याओं का व्यावहारिक समाधान निकाला जाए तथा शहर की नियमित सफाई व्यवस्था को बनाए रखा जाए। उन्होंने आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बारिश के दौरान किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति नहीं बननी चाहिए। संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखी जाए तथा जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने रामसेतु के नीचे पार्किंग एवं डिवाइडर निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा तथा आमजन को सुविधा मिलेगी। उन्होंने पुलिस लाइन नाला एवं केसरबाग पुलिया को ऊंचा करने संबंधी कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सावित्री रोड से विजयलक्ष्मी पार्क तक नाले की सफाई एवं मरम्मत कार्य की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। जयपुर रोड पर चल रहे सौन्दर्यीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए इन कार्यों का समय पर पूरा होना आवश्यक है। संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में लाइब्रेरी निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा एवं बौद्धिक विकास से जुड़े ऐसे सार्वजनिक कार्य शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और शहर का समग्र विकास सुनिश्चित हो। बैठक में निगम आयुक्त नित्या के. सहित तकनीकि अधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने की पेट्रोल डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की निंदा

**अजमेर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल नगर निगम अजमेर में पूर्व उपायुक्त एवं पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष संपत कोठारी कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष सतीश वर्मा राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष राजकुमार गर्ग शक्ति सिंह रलावता अहमद हुसैन हेमेंद्र सिंह मऊ मुकेश सिंह राठौड़ शंकर गुर्जर अभिषेक रावत अकरम कुरैशी मोइनुद्दीन खान खानपुरा आदि कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की कड़े शब्दों में निंदा की है। कांग्रेसियों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार मैं अभी पांच राज्यों के चुनाव में लोग लुभावने वादे कर वोट ले लिए।

## सफलता की कहानी-2 गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना का मिला लाभ



ग्राम विकास रथ अभियान शिविर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चान्दमा के ग्राम जावला आगमन के दौरान लाभार्थी कृषक राधा देवी / रामकिशन जाट निवासी जावला ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 गोर्वधन जैविक उवर्रक योजना अन्तर्गत 10,000/- रुपये राशि अनुदान प्राप्त किया है। इस कार्य में कृषि पर्यवेक्षक के द्वारा योजना कि जानकारी तथा तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इससे लाभार्थी को समय पर योजना का लाभ मिल सका। इस योजना में आवेदन करने से पहले कृषक को खेत में अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरक व खादों का प्रयोग करना पड़ता था। इससे अधिक आर्थिक व्यय खर्च करना पड़ता था। इससे खेत की उपजाऊ क्षमता पर भी दुष्प्रभाव पड़ता था और फसल उत्पादन कि गुणवत्ता पर भी हानिकारण प्रभाव पड़ता था। गोवर्धन जैविक उर्वरक उत्पादन के तहत वर्मी कम्पोस्ट इकाई निर्माण कर जैविक खाद तैयार करके अपने खेत में उपयोग कर रहा हूँ। इससे खेत की उपजाऊ क्षमता में सुधार से उत्पादन में वृद्धि हुई और लागत में कमी हुई । इससे कृषक की आय में वृद्धि हुई। लाभार्थी द्वारा अनुदान दिलवाने के लिए कृषि पर्यवेक्षक, सहायक कृषि अधिकारी और कृषि विभाग का आभार व्यक्त किया।

## सफलता की कहानी-1 सिंचाई पाईपलाइन की मिली सब्सिडी



ग्राम विकास अभियान के तहत ग्राम पंचायत दादिया में ग्राम विकास रथ अभियान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कृषक श्री जतन लाल / रंगलाल जाट निवासी ग्राम पंचायत दादिया में कृषि विभाग राजस्थान सरकार द्वारा संचालित राज किसान पोर्टल के माध्यम से कृषि सिंचाई पाईप लाईन के लिए आवेदन किया। इसकी कृषि विभाग द्वारा वित्तीय स्वीकृती वर्ष 2025-26 जारी की गई। इसके बारे में स्थानिय कृषि पर्यवेक्षक द्वारा कार्य करने के लिए विभाग के दिशा निर्देशों कि जानकारी दी गई। कृषक द्वारा सिंचाई पाईप लाईन क्रय करने के उपरान्त स्थानिय कृषि पर्यवेक्षक एवं सहायक कृषि अधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन का कार्य किया गया। सिंचाई पाईप लाईन से कृषक को कुए से खेत तक पानी ले जाने में आसानी हुई। इस से जल की बचत हुई। इससे कृषक को अच्छा उत्पादन प्राप्त हुआ। इस सिंचाई पाईप लाईन से कृषक को कृषक कल्याण कोष प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से अनुदान 18000 /- रु प्राप्त हो गया। लाभार्थी द्वारा अनुदान दिलाने के लिए राजस्थान सरकार कृषि विभाग का आभार व्यक्त किया गया ।

## सफलता की कहानी-3 प्रधानमंत्री आवास योजना का मिला अनुदान



ग्राम पंचायत पडांगा से ग्राम विकास रथ अभियान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लाभार्थी कानाराम पुत्र रामलाल निवासी सवाईपुरा ग्राम पंचायत पडांगा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन किया तथा पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जारी की गई है। जिस हेतु स्थानीय ग्राम विकास अधिकारी द्वारा कार्य करने हेतु विभाग की दिशा निर्देशों की जानकारी दी गई। लाभार्थी द्वारा कार्य पूर्ण करने पर ग्राम विकास अधिकारी द्वारा लाभार्थी को तीन किस्तों की राशि कम से 1500, 45000, 60000 कुल राशि एक लाख 20 हजार रूपये लाभार्थी के खाते में सत्यापन तथा जियोटेक करके दिलाई गई हैं। नरेगा में 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध करवाया है तथा लाभार्थी द्वारा प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री स्थानीय पंचायती राज विभाग के अधिकारी का आभार व्यक्त किया।

## कैम्पस प्लेसमेंट कैंप का आयोजन सोमवार को

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, माखुपुरा अजमेर में राजस्थान की प्रतिष्ठित कंपनी युतिका नेचुरल प्राइवेट लिमिटेड, सोजत (पाली) द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप सोमवार 18 मई को प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। उपनिदेशक (प्रशिक्षण) अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि कैंप में मशीनिस्ट, फिटर, डीजल, प्रिंटिंग, शीट मेटल, ब्लैकस्मिथ एवं वेल्डर व्यवसायों के आईटीआई उत्तीर्ण पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 17 हजार से 20 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा ऑन रोल रखा जाएगा। प्लेसमेंट में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को अपने समस्त मूल दस्तावेज एवं उनकी फोटो प्रतियों के साथ अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान, गौशालाओं में स्वच्छता और पशु चिकित्सा के होंगे विशेष कार्य

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** जिले की गौशालाओं में स्वच्छता एवं पशु चिकित्सा के लिए वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अन्तर्गत विशेष कार्य किए जाएंगे। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. नवीन परिहार ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में जल संरक्षण और पर्यावरण शुद्धि के लिए 25 मई से 5 जून तक वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए विभाग द्वारा जिले में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। अभियान की महत्ता को देखते हुए 27 मई को इन गतिविधियों का विशेष पर्यवेक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले की विभिन्न गौशालाओं में स्वच्छता और पशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके तहत गौशालाओं में पशुओं के पीने के पानी की खेलियों और बाड़ों की सघन सफाई की जाएगी। साथ ही पशुओं के लिए विशेष पशु चिकित्सा एवं पशु शल्य चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। पशुपालकों के लिए पशु बांझ निवारण शिविरों का आयोजन भी अभियान का मुख्य हिस्सा होगा।

## शिया मुस्लिम महासभा ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अजमेर।** राजस्थान शिया मुस्लिम महासभा ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन सौंपकर मोहर्रम 1448 हिजरी के द्व72 दिवसीय शोक काल - अय्याम-ए-अज़ाद्व के दौरान समस्त राजस्थान में सुरक्षा, चिकित्सा एवं एम्बूलैंस, बिजली, पानी व सफाई की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। महासभा का प्रतिनिधिमंडल द्वशुक्रवार कोद्व जिला कलेक्टर अजमेर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा । प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राजस्थान शिया मुस्लिम महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सैय्यद रब नवाज जाफरी ने किया। द्वशिया धर्मगुरु मौलाना जिशान हैदर जैदी ने कहा,द्व 'इस बार मोहर्रम जून-जुलाई 2026 से शुरू होकर 8 रबीउल अव्वल तक द्वलगातार 72 दिनों तक शोकद्व मनाया जाएगा। द्वये 72 दिन कोई त्यौहार नहीं, बल्कि हज़रत इमाम हुसैन अ.स. की शहादत की याद में मनाए जाने वाले गम के दिन हैं।

**श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महेन्द्र बंसल व रमेश लालवानी की अध्यक्षता में किया संगठन का गठन**

## धण्टाघर के पास पुरोन रेल्वे ओवर ब्रिज के आठ दो फुट तक फाउंडेशन पिलर बन रहे बाधक : गुप्ता



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** धण्टाघर रेल्वे स्टेशन के सामने के पास पुराने रेल्वे ओवर ब्रिज के आठ दो फुट तक के फाउंडेशन पिलर आज तक अवशेष के रूप में होने से आवागमन में यात्रियो के लिए बाधक और व्यापारियो के लिए भी बहुत बडी समस्या बने हुए है। उपरोक्त जानकारी घण्टाघर व्यापारि कसंघ के नव नियुक्त अध्यक्ष ने श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल और संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी को बताई और बताया कि नगर निगम के सम्बंधितो को अनेक बार अनुरोध के बावजूद आज तक समस्या का समाधान नही किया जा रहा है। श्री अजमेर व्यापारिक महासघ के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल ने नगर निगम के प्रशासक और सम्भागीय आयुक्त शकित्सिंह राठौड और जिलाधीश लोक बंधु से समस्या के शीध्र समाधान की मांग करते हुए आन्दोलन की चेतावनी भी दी। इस अवसर पर महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने संगठन के चुनाव करवाये जिसमें सर्वसम्म्ति से अध्यक्ष के रूप में संजय गुप्ता, महासचिव राजेन्द्र गुप्ता और कोषाध्यक्ष के रूप में ललित खेमानी को चुना गया।मुख्य संरक्षक श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल और संरक्षक रमेश लालवाी को बनाया गया। इस अवसर पर पण्डित जी, फतेहचन्द, लक्ष्मन, अभिषेक, मोती जेठानी, प्रदीप, रवि, सौरभ, गुरूदयाल, मनोज कुमावत, रामरूख पालीवाल, जे. पी. त्रिपाठी, कैलाश, धार्मेन्द्र गुपता,विमल कुमार, भूपेन्द्र सहित अनेक अन्य उपस्थित थे।

## श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ व महावीर सक्रिल व्यापारियो द्वारा महावीर सर्किल परशनिदेव पूजन होगा



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** महावीर सर्किल व्यापारिक संध और श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के प्रमुख पदाधिकारियों के कर कमलो द्वारा श्री बाला भैरू मन्दिर महावीर सर्किल सेवा समिति के तत्वावधान में मन्दिर परिसर में आयोजित शनि देव जयन्ति के अवसर पर 16 मई शनिवार को दोपहर 12.00 बजे श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के मुख्य संरक्षक कालीचरणदास खण्डेलवाल और महासंघ के संसथापक व महासचिव रमेश लालवानी के कर कमलो द्वारा बाल भैरव और शनिदेव जी का पूजन महाआरती करके अच्छे व्यापार ,हरियाली,खुशहाली,शान्ति कौमी एकता और भाईचारा कायम रहने के लिए प्रार्थना की जायेगी।महावीर सर्किल व्यापारिक संध एवं बाल भैरव मन्दिर सेवा समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह निर्वाण और महासचिव व महन्त दिनेश गिरी ने बताया कि दोपहर में 12 बजे महाआरती के पश्चात मिल्क रोज के प्रसाद का वितरण किया जायेगा। उसके पश्चात खीर, पूडी और सब्जी के प्रसाद का वितरण किया जायेगा। सायंकाल 06 बजे से सुन्दर काण्ड के पाठ का आयोजन किया जायेगा। महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के व्यापारियो के द्वारा समस्त मान्यताओं का आदर किया जाता हैं।

## सफलता की कहानी-2 प्रधानमंत्री आवास योजना का मिला लाभ



ग्राम पंचायत के निवासी श्री किशन लाल का परिवार कई वर्षों से मिट्टी एवं टीनशेड से बने कच्चे मकान में जीवन यापन कर रहा था। बरसात के दिनों में मकान की छत टपकती थी। दीवारों में दरारें आ जाती थी और परिवार को रातभर जागकर समय बिताना पड़ता था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे लाख कोशिशों के बावजूद अपने लिए पक्का मकान नहीं बना पा रहे थे। इसी बीच ग्राम पंचायत के माध्यम से उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी मिली। आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उनका चयन योजना के लाभार्थी के रूप में हुआ। योजना के अंतर्गत प्राप्त आर्थिक सहायता से उन्होंने धीरे-धीरे अपने सपनों का पक्का घर तैयार किया। आज उनका नया मकान न केवल मजबूत और सुरक्षित है, बल्कि उसमें शौचालय, बिजली, स्वच्छ पानी एवं रसोई जैसी मूलभूत सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। पहले जहाँ परिवार को बारिश और गर्मी के मौसम में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, वहीं अब पूरा परिवार सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण में जीवन व्यतीत कर रहा है। श्री किशन लाल बताते है कि पहले हमारे पास केवल रहने की मजबूरी थी, लेकिन अब हमारे पास अपना सम्मानजनक घर है। बच्चों को पढ़ाई के लिए अच्छा वातावरण मिला है और परिवार के भविष्य को लेकर आत्मविश्वास बढ़ा है। यह घर हमारे लिए केवल ईंट-पत्थर का मकान नहीं, बल्कि हमारे सपनों और खुशियों का आशियाना है। ग्राम पंचायत एवं प्रशासन के सहयोग से मिली इस सहायता ने परिवार के जीवन में नया उजाला भर दिया। श्री किशन लाल व उनका परिवार द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए आभार प्रकट किया।

## महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में पंचशील के सिद्धान्त का पालन करने की शिक्षा प्रदान की : गुणवन्त राहुल

**जन सेवा समिति की सर्वधर्म समिति के बौद्ध विचारको ने किया 21 माताओ को सम्मानित**



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** जन सेवा समिति और श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ की सर्वधर्म समिति के बौद्ध विचारको ने आदर्श नगर के विज्ञान नगर क्षेत्र में मदर्स डे मनाकर 21 माताओं मदर्स को सम्मानित किया। इस अवसर पर नंदिनी शिक्षा निकेतन विद्यालय परिसर में आयोजित इस आशय के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बौद्ध मठठ गौत नगर अजमेर के अध्यक्ष व अल्प संख्यक आयोग के पूर्व सदस्य गुणवन्त राहुल ने कहा कि महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में समस्त मानव को पंचशील के सिद्धान्त का पालन करने की शिक्षा प्रदान की।कार्यक्रम के संयोजक श्री अजमेर व्यापारिक व जन सेवा समिति की सर्वधर्म समिति के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि हमें सृष्टि के संचालक व पालन कर्ता के सम्मुख अपने जीवन की डोर समर्पित करने से समसत कार्य आसान हो जाते है। वरिष्ठ नागरिक श्रीमती मधु और हरि सिंह दम्पति को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालो में नन्दिनी शिक्षा निकेतन की प्राचार्या श्रीमती नीरू शर्मा, विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती प्रीति, मोनिका, रश्मि, सम्पत, संतरा, मंजू, लक्ष्मी, यशोदा, नीतू, सुनीता शर्मा, गीता, ठाकुरी, विमला, संतोष, श्रीमती अनिता, श्रीमति सुनीता चैधरी, श्रीमती सोनी राहुल सहित 21 महिलाओं को मदर्स डे के अवसर पर माल्यार्पण करके,साडी गले मे पहनाकर और फ्रूट प्रदान करके सम्मानित किया गया। अतिथियो के रूप में गुणवन्त राहुल,रमेश लालवानी ,हरि सिंह, वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण कुमार का विद्यालय के निदेशक गोपाल किशन शर्मा और विज्ञान नगर के श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के प्रतिनिधी श्याम सुन्दर सोनी ने माल्यार्पण करके अभिनन्दन किया।

## ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 'ग्राम-2026' स्थगित, कृषि विभाग ने जारी किए आदेश

**जयपुर।** राजधानी जयपुर स्थित जेईसीसी में आगामी 23 मई को प्रस्तावित ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट का आयोजन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। कृषि विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आदेशों के अनुसार यह निर्णय अपरिहार्य कारणों के चलते लिया गया है। कृषि आयुक्त ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए बताया कि कार्यक्रम को आगामी आदेशों तक स्थगित रखा जाएगा। हालांकि आयोजन की नई तिथि को लेकर फिलहाल कोई घोषणा नहीं की गई है गौरतलब है कि 'ग्राम-2026' को राजस्थान के कृषि क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन माना जा रहा था, जिसमें आधुनिक कृषि तकनीक, एग्रीटेक नवाचार, कृषि निवेश, स्टार्टअप्स और किसानों के लिए नई संभावनाओं पर चर्चा प्रस्तावित थी। कार्यक्रम में देश-विदेश की कृषि कंपनियों, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं की भागीदारी अपेक्षित थी।

## 1008 श्री शान्तिनाथ भगवान का जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याण दिवस मनाया

**अजमेर।** श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा अजमेर के संभाग महामंत्री कमल गंगवाल व संभाग संयोजक संजय कुमार जैन ने बताया कि आज ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी 15 मई को पूरे भारतवर्ष में सोलहवें तीर्थंकर 1008 श्री शान्तिनाथ भगवान का जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया गया । इस अवसर पर अजमेर संभाग में सभी अतिशय क्षेत्र नसियांजी, कालोनीयों के मन्दिरजी में पूजा अर्चना की गई । गंगवाल व जैन ने बताया कि सोनीनगर जैन मन्दिरजी में शान्तिनाथ भगवान के 108 कलशो से कलशाभिषेक अविनाश सेठी द्वारा किया गया।

## भारतीय शिक्षण मंडल का परिचायक वर्ग आज से राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय शिक्षण मंडल के तत्वाधान में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई (चित्तौड़ प्रांत) द्वारा दो दिवसीय 'परिचायक वर्ग' का आयोजन 16 एवं 17 मई 2026 को राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, किशनगढ़, अजमेर में किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षण, संगठन और भारतीय शिक्षा दर्शन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित होंगे । वर्ग में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के आचार्यगण, शोधार्थी और विद्यार्थी सहित 65 से ज्यादा भारतीय शिक्षण मंडल के कार्यकर्ता भाग लेंगे। कार्यक्रम के वर्गाधिकारी राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु प्रो. आनंद भालेराव होंगे, जो भारतीय शिक्षण मंडल चित्तौड़ प्रांत के अध्यक्ष हैं। आयोजन में विभिन्न शिक्षाविद् एवं संगठन पदाधिकारी मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 16 मई शनिवार सायं 6 बजे आगमन एवं पंजीकरण से होगा। प्रथम दिवस पर परिचय सत्र, वर्ग के महत्व पर चर्चा तथा आत्मावलोकन एवं वैचारिक लेखन संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। रात्रि में दीप निर्वाण के साथ दिन का समापन होगा। द्वितीय दिवस 17 मई रविवार को प्रातः जागरण, एकात्मता स्त्रोत एवं योग साधना से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके बाद भारतीय शिक्षा दर्शन विषय पर डॉ. संजय पाठक (अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख, भारतीय शिक्षण मंडल) का मार्गदर्शन सत्र आयोजित होगा।

## चुनाव खत्म होते ही जनता पर महंगाई की मार, मोदी सरकार की कथनी-करनी में बड़ा फर्क' : डॉ. राजकुमार जयपाल



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में बड़ा अंतर साफ दिखाई देता है। चुनाव के दौरान जनता को राहत देने का दिखावा करते हुए पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बढ़ाए गए, लेकिन जैसे ही चुनाव समाप्त हुए, तुरंत कीमतों में बढ़ोतरी कर दी गई। इससे आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ा है और महंगाई लगातार बढ़ रही है। डॉ. जयपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को विदेश यात्राएं कम करने की नसीहत दी, लेकिन स्वयं लगातार विदेशी दौरों पर निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता को त्याग और बचत का उपदेश देना और खुद विपरीत आचरण करना प्रधानमंत्री की दोहरी नीति को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पूरी दुनिया वैश्विक आर्थिक संकट और महंगाई से निपटने के स्थायी उपाय खोज रही थी, तब केंद्र सरकार चुनावी राजनीति और प्रचार में व्यस्त रही। मोदी सरकार ने आम जनता को राहत देने के लिए कोई ठोस और दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत नहीं किया। डॉ. जयपाल ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर परिवहन, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों पर पड़ता है, जिससे मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर और गरीब परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

# डूंगरपुर शत-प्रतिशत स्वगणना करवाने वाले प्रगणक एवं पर्यवेक्षक का किया सम्मान

**डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत स्वगणना कार्य की अवधि पूर्ण हुई। डूंगरपुर जिले में कुल 22742 लोगों के द्वारा स्वगणना की गई। जिले की सीमलवाडा तहसील के अन्तर्गत सुपरवाईजर सर्किल 026 मे आने वाली समस्त 6 ब्लॉक पूर्ण रुप से स्वगणना कर राजस्थान का पहला ऐसा जिला बना है जहाँ प्रगणक व सुपरवाईजर के प्रयासो से सभी परिवारों द्वारा स्वगणना की गई। इस उपलब्धि पर प्रमुख जनगणना अधिकारी जिला कलक्टर महोदय द्वारा प्रगणक महेश कुमार डामोर, भरत लाल विहात, सुसोना जोशी, सुमीरा डामोर, हार्दिक पांड्या, डामोर महेश भाई एवं डूंगरपुर तहसील के जगप्रताप सिंह सिसोदिया द्वारा अपने-अपने ब्लॉक में लगभग शत-प्रतिशत स्वगणना कार्य संपादित करवायं जाने पर सम्मानित किया गया। उक्त कार्य के सफल संचालन में पर्यवेक्षक सुहाग कुमार लौहार द्वारा सतत मॉनीटरिंग एवं प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया गया। साथ ही चार्ज जनगणना अधिकारी डूंगरपुर उज्जवल जैन एवं सीमलवाडा अशोक शाह को उनके चार्ज स्तर पर किये गये आमजन को स्वगणना हेतु प्रेरित करने, जागरूकता फैलाने व आमजन की जनभागिता सुनिश्चित करने की भूमिका की सराहना जिला कलक्टर महोदय द्वारा की गई। प्रमुख जनगणना अधिकारी देशल दान द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से अपील की गयी कि वे जनगणना कार्य मे सहयोग प्रदान करते हुए सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध करवाएं, जिससे जन हितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नीति निर्माण मे सहायता मिल सके। उप जिला जनगणना अधिकारी अमित शर्मा द्वारा अवगत कराया जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान



सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य दिनांक 16 मई 2026 से प्रारम्भ होकर 14 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। जिसमे 3419 प्रगणकों / पर्यवेक्षकों द्वारा निर्धारित क्षेत्र में घर-घर जाकर डिजिटल माध्यम से जानकारी संकलित करेंगे।

### विज्ञान भारती इकाई जिला शाहपुरा का गठन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर

**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** विज्ञान भारती इकाई जिला शाहपुरा की बैठक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, तहनाल गेट शाहपुरा में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ चित्तौड़ प्रांत के प्रांत कार्यवाह डॉ. शंकर लाल माली ने की। बैठक में प्राचार्य शूरवीर सिंह चौहान को विज्ञान भारती जिला शाहपुरा का अध्यक्ष तथा प्राचार्य अनिल कुमार बघेरवाल को सचिव मनोनीत किया गया। साथ ही उन्हें शीघ्र कार्यकारिणी गठन के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विज्ञान भारती जिला भीलवाड़ा से सेवानिवृत्त वैज्ञानिक एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष करण सिंह सिंघवी, प्रांत सह सचिव सुनील पोरवाल तथा भीलवाड़ा महानगर उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में सेवानिवृत्त प्राचार्य बंकट सिंह शक्तावत, प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा, डॉ. भगवत सिंह कानावत सहित अनेक वरिष्ठ अध्यापक उपस्थित रहे।

## कस्टोडियन भूमि मामले में किसानों का हुंकार, प्रशासन को दिया एक माह का अल्टीमेटम

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** कस्टोडियन भूमि विवाद को लेकर क्षेत्र के किसानों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है।डीडवाना में किसानों ने विशाल आमसभा का आयोजन किया, जिसके बाद रैली निकालकर प्रशासन को चेतावनी दी गई कि यदि एक माह में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को पुन: उग्र रूप दिया जाएगा।धरनास्थल पर आयोजित आमसभा करीब 4 घंटे तक चली।

वक्ताओं ने कस्टोडियन भूमि पर किसानों के खातेदारी अधिकारों की पुरजोर वकालत की। सभा के बाद सैकड़ों की संख्या में किसान एकजुट होकर रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहाँ अतिरिक्त जिला कलेक्टर (ष्ठरू) को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।किसान सा के जिला उपाध्यक्ष भागीरथ यादव ने



सभा को संबोधित करते हुए कहा, यह केवल हमारे आंदोलन की ताकत है कि आज यह जमीन बची हुई है। अगर किसान एकजुट नहीं होते तो प्रशासन अब तक इसे सरकारी घोषित कर चुका होता और आज हमें अपनी ही फसलों के लिए तरसना पड़ता।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या सरकारी दखल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसान नेताओं ने प्रशासन को दो-टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि उनके पास केवल एक महीने का समय है। किसान सभा के जिला सचिव मोतीलाल शर्मा और तहसील सचिव रामचंद्र रणवा ने कहा कि यदि इस समयावधि में उचित फैसला नहीं लिया गया, तो किसान वापस सड़कों पर उतरेंगे और निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे।इस अवसर पर किसान नेता हाकम अली देशवाली, सरपंच नवाज शरीफ, मोहम्मद स्वालीन गहलोत, यूनुस खान सहित बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### पेट्रोल पंप से कर्मचारी की बाइक चोरी

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के ब्यावर रोड स्थित साईं कृपा पेट्रोल पंप कर्मचारी की अज्ञात चोर बाइक चुरा ले गये। जिसका दो दिन बाद भी सुराग नहीं लग पाया है। पीड़ित ने मांगलियावास थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में पीड़ित मांगलियावास निवासी पूनम चंद शर्मा ने पुलिस को दी बाइक चोरी के मामले में बताया कि वह साईं कृपा पेट्रोल पंप पर कर्मचारी है। वह 13 मई की शाम 6:00 बजे वह अपनी बाइक से ड्यूटी पर गया और वहां पास में उसकी बाइक खड़ी कर दी। शाम 7:25 बजे उसकी मोटरसाइकिल जिसका नंबर आरजे 010 एस 1924 है। दो आरोपी युवक स्कूटी के जरिए आए और उनमें से एक बाइक का लॉक तोड़कर



सेल्फ स्टार्ट कर चुरा ले गया। इस दौरान घटना का सीसीटीवी फुटेज पेट्रोल पंपके कैमरे में दर्ज हो गया। जिसे बाद में बाइक चोरी की घटना का पता चला। पीड़ित ने मांगलियावास थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लेकिन दो दिन बाद भी चोरी बाइक का सुराग नहीं लग पाया है।

### मांडल भीषण हादसा

## ट्रेलर ने बाइक सवार तीन को कुचला, दो रेलवे पुलिसकर्मियों सहित आरोपी की मौत

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर-चित्तौड़गढ़ नेशनल हाईवे-48 पर शुक्रवार अलसुबह मांडल ओवरब्रिज खून से लाल हो गया, जब तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो रेलवे पुलिसकर्मियों और एक आरोपी की मौत हो गई। कुछ ही सेकंड में तीन जिंदगियां खत्म हो गईं और पीछे छूट गया मातम और कई सवाल। जानकारी के अनुसार रेलवे पुलिसकर्मी रायला से बाइक चोरी के आरोपी को भीलवाड़ा ला रहे थे। बाइक पर तीन लोग सवार थे। मांडल ओवरब्रिज पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक दूर तक घिसटती चली गई और ट्रेलर तीनों को कुचलता हुआ आगे निकल गया। हादसे में हेड कांस्टेबल लेखराज बागड़ी (55) और कांस्टेबल रविंद्र कुमार जाट (48) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आरोपी छोटू भील (40) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 108 एंबुलेंस से मांडल उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से महात्मा गांधी अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर मांडल थाना पुलिस, प्रशिक्षु आईपीएस आयुष श्रोत्रिय, डिप्टी राहुल जोशी और रेलवे पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद अस्पताल परिसर में मातम पसर गया। पूरी घटना हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रेलर चालक को संभवत: नींद की झपकी आने से वाहन अनियंत्रित हुआ और यह दर्दनाक हादसा हो गया। यह हादसा कई गंभीर सवाल भी खड़े कर गया है। पुलिसकर्मी स्वयं एक बाइक पर तीन सवारी कर आरोपी को ले जा रहे थे, जो नियमों के खिलाफ है। साथ ही हाईवे पर भारी वाहनों के चालकों की थकान और लापरवाही भी चिंता का विषय बनी हुई है। इस हादसे ने तीन परिवारों के सपनों को तोड़ दिया और व्यवस्था की खामियों को उजागर कर दिया।

### स्व. भैरोंसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

# विधायक कृपलानी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण

**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** देश के पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भैरोसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को निम्बाहेड़ा स्थित शेखावत सर्कल पर स्थित शेखावत की आदमकद प्रतिमा पर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. शेखावत की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि स्व. भैरोंसिंह शेखावत भारतीय राजनीति के ऐसे प्रेरणादायी व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपने संघर्ष, सादगी एवं जनसेवा के बल पर देशभर में विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि शेखावत साहब ने सदैव समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को प्राथमिकता दी तथा 'अंत्योदय' की भावना को राजनीति का आधार बनाकर गरीब, किसान, मजदूर एवं पिछड़े वर्ग के कल्याण हेतु अनेक जनहितकारी योजनाएं लागू कीं। कृपलानी ने कहा कि स्व. शेखावत का संपूर्ण जीवन सेवा, संवेदनशीलता एवं संगठन के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। उनका व्यक्तित्व आज भी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, पूर्व नगर



पालिका अध्यक्ष प्रहलाद सोनी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पारस पारख, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक उमेश तोतला, वरिष्ठ नेता प्रकाश धींग, भाजपा जिला प्रवक्ता मानवेंद्र सिंह चौहान, नगर प्रवक्ता सुनील चाष्टा, नगर उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़, नगर मंत्री जगदीश माली, धर्मपाल जाट, आशीष बोड़ाना, रतन वैष्णव, शिवनारायण कुमावत, सोशल मीडिया जिला सह संयोजक दीपक अग्रवाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड़, भाजयुमो नगर मंत्री हितेश जोशी, रामनिवास जाट, अंकित लखारा, बूथ अध्यक्ष विक्की डागा, कालू सेन, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कैलाश धाकड़, शंभू सिंह पंवार, सत्यप्रकाश मेनारिया, रमेश वैष्णव, प्रकाश धाकड़ बड़ीसादड़ी, पुष्कर सोनी एवं दीपक चेचानी आदि सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य प्रबंधन व संतुलित उर्वरक उपयोग पर किसानों को किया जागरूक

# भा कृ अनु प-राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती व जैविक उत्पादों की दी जानकारी

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र, अजमेर द्वारा गांव जेठाना (पीसांगन) में 'उर्वरकों के संतुलित उपयोग हेतु राष्ट्रीय अभियान' के अंतर्गत किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम 'मेरा गांव मेरा गौरव' अभियान के तहत 'मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन एवं संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देना' विषय पर केंद्रित रहा।

कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार, डॉ. रवि




वाई तथा तकनीकी अधिकारी सियाराम मीना ने किसानों को उन्नत फसलों के लिए मृदा स्वास्थ्य की भूमिका एवं पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. संजय कुमार ने मृदा में पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती के तौर-तरीकों तथा बीज उपचार की विधियों और उसके महत्व की जानकारी दी। सियाराम मीना ने किसानों को जैव उत्पादों के माध्यम से फसलों में बीमारियों एवं कीट प्रबंधन की जानकारी देते हुए बताया कि गोबर की खाद, नीम का तेल सहित अन्य जैविक उपाय अपनाने से खेती की लागत कम होती है और उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर होती है।

वहीं डॉ. रवि वाई ने हरी खाद, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट तथा बीजामृत, जीवामृत एवं घनजीवामृत जैसे जैविक उत्पादों को बनाने और उनके उपयोग की विधियों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को यूरिया, डीएपी एवं अन्य रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर प्राकृतिक विकल्प अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान संस्थान द्वारा विभिन्न जैविक उत्पादों एवं हरी खाद फसलों जैसे ढैंचा के बीजों का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सहायक अमित गुप्ता ने व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। कृषि पर्यवेक्षक सुनील के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में 11 पुरुष एवं 20 महिला किसानों सहित कुल 31 किसानों ने भाग लिया।

## एक नजर

### शहीद सुल्तान खां स्कूल में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत, शैक्षणिक सामग्री भेंट की



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** क्षेत्र के शहीद सुल्तान खां राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चौलूखां में नए शैक्षणिक सत्र के तहत प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के स्वागत के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के संस्था प्रधान और शिक्षकों ने मिलकर नए छात्रों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर और उन्हें शिक्षण सामग्री भेंट कर स्वागत किया गया। इस पहल का उद्देश्य नए बच्चों में विद्यालय के प्रति रुचि और उत्साह जगाना है।प्रधानाचार्य दीनदयाल रोहलण ने इस अवसर पर बताया कि विद्यालय के शिक्षकों के सतत और समर्पित प्रयासों के कारण नामांकन में निरंतर अभिवृद्धि दर्ज की जा रही है। उन्होंने टीम भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षकों की सक्रियता से क्षेत्र के अभिभावकों का विश्वास सरकारी विद्यालय के प्रति बढ़ा है।समारोह में महबूब खां, शंकरलाल वर्मा, मोहन राम पलसानियां, छगनलाल रोहलण, मनोज कुमार, मो. इशाक खां, धर्मेन्द्र चौधरी, रामपाल, कौशल्या कुमारी, कविता, कमलेश, नवदीप और मदनलाल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।अंत में उपप्रधानाचार्य भंवरलाल चोपड़ा ने सभी नवागत विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### लोकपाल द्वारा ग्राम पंचायत बांसी में संचालित मनरेगा कार्य की सराहना



**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** पंचायत समिति बड़ी सादड़ी की ग्राम पंचायत बांसी में संचालित महात्मा गांधी नरेगा के तहत चारागाह मे तलाई निर्माण कार्य का लोकपाल अभिषेक सोनी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान इस भीषण गर्मी में नरेगा श्रमिकों हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आवश्यक सुविधाओं की ग्राम पंचायत स्तर पर की गई समुचित व्यवस्थाओं को देखकर लोकपाल अभिषेक सोनी ने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर श्रमिकों के लिए पर्याप्त छाया, शुद्ध एवं शीतल पेयजल व्यवस्था जैसी सुविधाएं समुचित रूप से उपलब्ध पाई गई। साथ ही कार्य स्थल पर शत प्रतिशत श्रमिक उपस्थिति इन सभी व्यवस्थाओं को देखकर लोकपाल ने मौके पर उपस्थित मेट की सराहना की द्य बांसी क्षेत्र के घने जंगल क्षेत्र में चल रहे मनरेगा कार्य में इस प्रकार शत प्रतिशत श्रमिक एवं सभी सुविधा उपलब्ध करवाना यह पंचायत की एक अच्छी उपलब्धि होता है । लोकपाल ने कार्यस्थल पर श्रमिकों को अनुशासित एवं व्यवस्थित ढंग से कार्य करते हुए देखा तथा श्रमिकों की मेहनत एवं कार्य शैली की भी सराहना की । **'वी बी जी राम जी एवं प्रपत्र 6 के बारे में जानकारी'** इस दौरान लोकपाल ने नरेगा श्रमिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी एवं नरेगा कार्य मांग प्रपत्र 6 के बारे में सभी श्रमिकों को अवगत कराया कि काम मांगना हमारा अधिकार है हम पंचायत में जाकर प्रपत्र 6 भर कर नरेगा में काम मांग सकते हैं,यह एक श्काम की मांग का आवेदन पत्रश् है। सरकार द्वारा जारी नवीनतम नियमों के अनुसार, इसके माध्यम से कोई भी श्रमिक एक साथ 100 दिन के रोजगार की मांग कर सकता साथ ही आवश्यक सुधारात्मक सुझाव भी प्रदान किये। साथ ही लोकपाल द्वारा श्रमिकों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं वी बी जी राम जी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से भी अवगत कराया गया। बीबीसी राम जी जो आगम में 1 जुलाई से लागू होने वाली है जिसमें श्रमिकों को 125 देश का रोजगार प्रदान किया जाएगा इसके बारे में जानकारी दी गई ।

### आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस

### होगी रोग निरोधात्मक गतिविधियां, सर्वे और सैंपलिंग के माध्यम आमजन को करेंगे जागरूक

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।**आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस के तहत चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न जिले में जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस डेंगू नियंत्रण के लिए जन भागीदारी जांच करें, सफाई करें और ढकें थीम पर मनाया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से एंटीलार्वा एन्टी एडल्ट गतिविधियां, सर्वे, सैंपलिंग और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चित्तौडगढ डॉ. ताराचन्द गुप्ता ने बताया कि डेंगू के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर एंटीलार्वा गतिविधियां संचालित करेंगे तथा बुखार के मरीजों की पहचान कर सैंपल लिए जाएंगे। साथ ही एंटी अडल्ट गतिविधियों के माध्यम से मच्छरों की रोकथाम के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के 16 मई राष्ट्रीय डेंगू दिवस दौरान लार्वा प्रदर्शन कर लोगों को मच्छरों के प्रजनन और डेंगू रोग फैलने के कारणों की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा डेंगू एवं अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव और रोकथाम के उपचारो एंव उपायों के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. पुनीत कुमार तिवारी ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि डेंगू का मच्छर साफपानी में पनपता है, इसलिए पानी के बर्तनों को ढककर रखें और घरों में पानी जमा नहीं होने दें। किचन एवं बाथरूम को सूखा रखें तथा सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। बुखार आने पर बिना देरी किए चिकित्सक से परामर्श लेकर जांच और उपचार करवाना चाहिए।

### उपखण्ड अधिकारी ने छात्रावासों व अन्नपूर्णा रसोईघरों का किया औचक निरीक्षण

**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर के निर्देशानुसार उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली ने शुक्रवार को निम्बाहेड़ा क्षेत्र में संचालित छात्रावासों एवं अन्नपूर्णा रसोईघरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, पेयजल, भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उपखण्ड अधिकारी ने राबाउमावि स्थित कस्तूरबा कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं से भोजन एवं व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की।

**महिला सुरक्षा पर भीलवाड़ा पुलिस का सख्त एक्शन**

# डिकॉय ऑपरेशन में 18 मनचले गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,(हुक्मनामा समाचार)।** महिला सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए भीलवाड़ा पुलिस की कालिका यूनिट ने अर्धरात्रि में विशेष डिकॉय ऑपरेशन चलाकर 18 मनचलों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में महिला पुलिसकर्मियों ने आम महिला बनकर विभिन्न स्थानों पर तैनाती की और मनचलों की हरकतों को रंगे हाथों पकड़ते हुए उन्हें दबोच लिया। डिकॉय ऑपरेशन के दौरान कहीं स्कूटी खराब होने का बहाना



बनाया गया तो कहीं बस का इंतजार कर रही महिला के रूप में पुलिसकर्मी खड़ी रहीं। इस दौरान महिलाओं को परेशान करने, अभद्र टिप्पणी करने और छेड़छाड़ की कोशिश करने वाले आरोपियों को तुरंत पकड़ लिया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से शहर में हड़कंप मच गया और मनचलों में भय का माहौल बन गया। पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को परेशान करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार, छेड़छाड़ या असुरक्षा का माहौल पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भीलवाड़ा पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि ऐसी किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, जिससे शहर में महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

## शनि जयंती पर कुचेरा में होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

**कुचेरा।** शहर के भार्गव मोहल्ला स्थित शनि मंदिर में शनिवार 16 मई को शनि जयंती के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नरेंद्र भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 9 बजे महामृत्युंजय अभिषेक, नवग्रह पूजन एवं हवन का आयोजन होगा। इसके पश्चात शाम 4 बजे शनि मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शनि मंदिर से रवाना होकर गणेश जी का मंदिर बड़ा बाजार, बंशीवाला मंदिर, सब्जी मंडी होते हुए पुनः शनि मंदिर पहुंचेगी।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर श्रीजी हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**कोटा,(हुक्मनामा समाचार)।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर श्रीजी हॉस्पिटल द्वारा 17 मई (रविवार)निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य प्रवक्ता डॉक्टर राकेश जिंदल,डॉक्टर निशांत सक्सेना, डॉ साकेत गोयल ,डॉ विक्रम गोयल ,डॉ रचित सक्सेना , डॉ पवन सिंघल, डॉ भूपेंद्र बाटला,डॉ समीर जैन,डॉ विनीत चावला ने बताया कि विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर श्रीजी हॉस्पिटल द्वारा दिनांक 17 मई रविवार को सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि आज की भाग दौड़ भरी जीवन शैली में उच्च रक्तचाप एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है समय पर जांच एवं सही उपचार से हृदय रोग, स्ट्रोक और अन्य गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है इसी उद्देश्य से आम जन को जागरूक बनाने हेतु यह विशिष्ट शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में उपलब्ध निशुल्क सेवाएं निम्न है जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ परामर्श, ब्लड शुगर जांच थायराइड जांच, लिपिड प्रोफाइल जांच ,वजन ,लंबाई एवं इसी के साथ ही शिविर में सीपीआर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा तथा प्रतिभागियों के लिए आकर्षक क्वीज एंड पुरस्कार की व्यवस्था रहेगी अस्पताल प्रशासन में शहरवासीयो से अपील की है कि वह अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे, नियमित जांच करवाई एवं इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं।

## पशुओं को तापघात से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

**उदयपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** भीषण गर्मी को देखते हुए पशुपालन विभाग ने पशुपालकों के लिए विशेष सतर्कता बरतने की एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने चेताया है कि तापमान में लगातार बढ़ोतरी और लू के असर से पशुधन के स्वास्थ्य के साथ दुग्ध उत्पादन क्षमता पर भी विपरीत असर पड़ सकता है। अतिरिक्त निदेशक पशुपालन विभाग, उदयपुर डॉ. सुरेश कुमार जैन एवं राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर के उपनिदेशक डॉ. द्वारकाप्रसाद गुप्ता के अनुसार तापमान में लगातार बढ़ोतरी एवं लू के असर से हालात बिगड़ने पर पशुओं में डिहाइड्रेशन, तापघात, तेज बुखार, दस्त और गर्भवती मादा पशुओं में र्भपात जैसी गंभीर स्थितिया बन सकती है। डॉ. सुरेश जैन ने बताया कि एडवाजरी के मुताबीक पशुओं को सुबह नौ बजे से शाम छः बजे तक सीधी धूप से बचाकर छायादार स्थानों, पेडों के नीचे या हवादार पशुबाड़ो में रखा जाए।

## महामंडलेश्वर बालकानंद गिरी जी महाराज के सानिध्य में होगा भव्य 151 कुण्डात्मक महायज्ञ

### हनुमान सराधना ने देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा को दिया विशेष आमंत्रण



**जयपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** सवाई माधोपुर के घाटा नैनवाड़ी स्थित भगवान श्री देवनारायण जी का 21 से 28 मई को विशाल 151 कुण्डात्मक महायज्ञ आयोजित होने जा रहे हैं। इस पावन महायज्ञ के लिए सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह महायज्ञ हरभावता के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री बालकानंद गिरी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होने जा रहा है। घाटा नैनवाड़ी मंदिर ट्रस्ट कोषाध्यक्ष और जयपुर प्रताप नगर स्थित भगवान देवनारायण जी ट्रस्ट अध्यक्ष हनुमान सराधना ने बताया कि इस महायज्ञ को लेकर सभी तैयारियां की जा रही है। वही मंदिर कोषाध्यक्ष हनुमान सराधना ने इस 151 कुण्डात्मक महायज्ञ के लिए देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा को सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में इस पावन महायज्ञ के लिए आमंत्रित किया गया। देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने अपने कार्यालय में उन्हें दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत और मान सम्मान किया। इस पर समाजसेवी और मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष हनुमान साधना ने राज्य मंत्री का आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा इस कार्यक्रम में आप सपरिवार पधारकर इसकी महिमा और शोभा बढ़ाएं। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री पवन पोसवाल, राजकुमार तंवर सहित समाज के काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर कन्वेंशन सेंटर में उदयपुर की प्रतिभाएं दिखाएगी हुनर

**उदयपुर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हो रहे 'आरोहण' नेशनल यूथ फेस्टिवल 2026 में इस बार उदयपुर संभाग की प्रतिभाएं राजस्थान का गौरव बढ़ाएंगी। केंद्र सरकार द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कथक आश्रम, उदयपुर की छात्राएं राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनी गई हैं। इस राष्ट्रीय उत्सव में देश के चारों कोनों-उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम-से चुनी गई कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। उदयपुर की इन छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत और कथक व पारंपरिक नृत्यों में अपनी महारत के दम पर इस मंच तक जगह बनाई है। जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक उदयपुर ने राजस्थान युवा बोर्ड एवं युवा मामले और खेल विभाग को सहमति पत्र भेजकर टीम की भागीदारी की पुष्टि की है।

**किशनगंज में रात्रि चौपाल लगाकर की जनसुनवाई**

## गांव-गांव तक पहुंची विकास की गंगा : मीणा



**बारां,(हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के ग्राम रथ अभियान के तहत गुरुवार रात किशनगंज पंचायत समिति मुख्यालय पर आयोजित रात्रि चौपाल में विधायक ललित मीणा ने कहा कि वर्तमान सरकार के पुनीत और अथक प्रयासों से गांव-गांव तक विकास की गंगा पहुंची है। ग्रामीणों को योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। वहां राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जिले में बिजली, पानी आमजन तक पहुंचाने के बड़े काम किए गए हैं। किशनगंज-शाहबाद में अकावद का पानी लाने की दिशा में भी दमदार प्रयास किए जा रहे हैं। जिनके सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। केलवाड़ा और नाहरगढ़ को पंचायत समिति के दर्जे की भी सौगात मिली है। कार्यक्रम को नरेश सिंह सिकरवार, छगन माहुर, गौरव शर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, एडीएम भंवरलाल जनागल, महावीर हाड़ा, मनोज चौधरी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। रात्रि चौपाल मे बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों की समस्याओं की बारी-बारी से सुनवाई की। रात्रि चौपाल में वृद्धावस्था पेंशन, पीएम आवास की स्वीकृति, किसान सम्मान निधि, जॉब कार्ड, रास्ते का खुलासा करने, खाद्य सुरक्षा योजना, खेल मैदान आदि मामलों के प्रकरण प्राप्त हुए। इस दौरान ग्राम रथ के माध्यम से योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ कला जत्थे के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी।

## विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



**निंबाहेड़ा,(हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) के बैनर तले शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी विकास पंचोली को ज्ञापन सौंपा। खंड मंत्री सुरेश चंद्र कुम्हार ने बताया कि संगठन द्वारा समय-समय पर शिक्षकों की समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन समाधान नहीं होने से शिक्षकों में आक्रोश है। शिक्षक नेहरू गार्डन मंडी चौराहे से रैली के रूप में उपखंड कार्यालय पहुंचे और धरना-प्रदर्शन किया। ज्ञापन में ग्रीष्मावकाश पुनः बहाल करने, लंबित स्थानांतरण व पदोन्नति, रिक्त पदों पर नियुक्ति, गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, आरजीएचएस व्यवस्था सुचारू रखने तथा वेतन विसंगतियां दूर करने सहित कई मांगें रखी गईं। संगठन ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो 29 मई को जिला स्तर और जुलाई में प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

## पिड़ावा कांग्रेस में बढ़ी अंदरूनी कलह, नई कार्यकारिणी पर उठे सवाल

**पिड़ावा,(हुक्मनामा समाचार)।** नगर पालिका चुनाव से पहले पिड़ावा कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान खुलकर सामने आने लगी है। नगर कांग्रेस कमेटी की हाल ही में घोषित नई कार्यकारिणी के बाद पार्टी के भीतर असंतोष गहराता दिखाई दे रहा है। एक ओर नगर कांग्रेस अध्यक्ष विरेंद्र कुमार बागवान नई टीम के साथ संगठन को मजबूत करने का दावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पार्टी के ही कई कार्यकर्ताओं ने नियुक्तियों पर सवाल उठाते हुए खुला विरोध शुरू कर दिया है। नगर कांग्रेस कमेटी की नई सूची में निलेश चेलावत, अजहरुद्दीन खान, जगदीश टेलर, राकेश सुमन, अरशद उल्ला खान, श्याम माली, सुमित जैन, अलफाज बैरागी, रईस मंसूरी, विशाल सोनी, गिरीराज धोबी, सूरज मेहरा, अजीम परवेज मेव, पवन कुमार गुर्जर, इमरान खान, प्रहलाद माली, कैलाश सावंत, पिरूलाल प्रजापति और संजय कुमार जैन सहित कई कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। लेकिन कार्यकारिणी घोषित होने के अगले दिन ही संगठन में विरोध के स्वर तेज हो गए। नाराज कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि लंबे समय से पार्टी के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई है। पिरु प्रजापत, दुर्गेश प्रजापत, प्रह्लाद माली, कैलाश सावंत, अबरार अहमद, सूरज मेहर, राहुल ने अपने पदों से इस्तीफा देते हुए संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। इस्तीफा देने वाले कार्यकर्ताओं का कहना है कि नगर अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी गठन से पहले ना तो किसी प्रकार की बैठक बुलाई गई और ना ही पुराने कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की गई। उनका आरोप है कि नियुक्तियां बंद कमरे में तय की गईं, जिससे समर्पित कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संगठन में इसी तरह मनमाने निर्णय लिए जाते रहे तो आगामी नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ सकता है। वहीं, नगर कांग्रेस अध्यक्ष विरेंद्र बागवान ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि संगठन में सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास किया गया है।

## जनगणना निदेशक ने ली बैठक

**उदयपुर।** भारत की जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के प्रथम चरण के तहत शनिवार से प्रगणकों द्वारा फील्ड सर्वे का कार्य प्रारंभ होगा। जनगणना निदेशक श्री बिष्णुचरण मल्लिक ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक ली। संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी तथा प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलक्टर गौरव अग्रवाल की उपस्थित में हुई बैठक में श्री मलिक ने 1 से 15 मई तक चली स्वगणना प्रक्रिया की समीक्षा की। 16 मई से प्रारंभ होने वाले मकान सूचीकरण एवं मकान गणना फील्ड सर्वे को लेकर तैयारियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 26 मई को

**उदयपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 26 मई 2026 को सुबह 11.30 बजे चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में होगी। जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि बैठक में समिति से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा एवं समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में निर्धारित समय पर अपेक्षित सूचनाओं के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित

**उदयपुर।** जनजाति कार्यालय मंत्रालय भारत सरकार की ओर से 10 मई से 9 जून 2026 तक जनजाति गरिमा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव के कार्यक्रम की श्रृंखला में मंत्रालय द्वारा जनजाति वर्ग के ऐसे व्यक्तित्व/नायक जिन्होंने समाज सेवा, सामुदायिक नेतृत्व ,शिक्षा, संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान, नावाचार, आधारभूत विकास इत्यादि क्षेत्रों में उल्लेखनीय व अद्वितीय योगदान प्रदान किया है के नामांकन 20 मई 2026 तक सम्मानित करने हेतु आमंत्रित हैं।

## बिजली की आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों ने नारेबाजी की

**मकराना,(हुक्मनामा समाचार)।** मकराना के ग्राम चावंडिया में बिजली की नियमित आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला। आक्रोशित ग्रामीण शुक्रवार को विद्युत निगम सहायक अभियन्ता मकराना पहुंचे जहां पर निगम की उदासीनता के कारण व्याप्त समस्या पर नाराजगी व्यक्त करते हुए धरना दिया। साथ ही निगम के खिलाफ ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए बिजली की नियमित आपूर्ति किये जाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम चावंडिया में पिछले करीब डेढ दो साल से बिजली की आपूर्ति नियमित नहीं हो रही है और हमेशा ही यहां पर कम वॉल्टेज के साथ बिजली की आपूर्ति की जाती रही है। कम वॉल्टेज के कारण घरों में लगे मंहगे विद्युत के उपकरणों को हमेशा नुकसान होता रहा है। इस संबंध में विद्युत निगम मकराना के अधिकारियों से कई बार शिकायते की गई किन्तु शिकायतों पर विभाग की ओर से किसी भी प्रकार से कार्रवाही नहीं की गई जिसकी वजह से ग्रामीणजनों को अनेक प्रकार की दुश्वारियां हो रही है। साथ ही यहां पर ट्रांसफार्मर लगाये जाने के लिये विभागीय अधिकारियों से अनुरूध भी किया गया था किन्तु विभाग की ओर से विद्युत पोल भी लगाये गये, इसके बाद भी यहां ट्रांसफार्मर लगाये जाने की कार्रवाही नहीं की। ट्रांसफार्मर लगाये जाने से यहां पर व्याप्त बिजली की समस्या का काफी हद तक समाधान भी हो सकेगा। यहां पर ट्रांसफार्मर व नई विद्युत लाइन नहीं लगाये जाने के कारण भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सहायक अभियंता राकेश मीणा ने बताया कि वि्ुत लाइन लगाये जाने को लेकर यहां पर कुछ विवाद होने के कारण लाइन का कार्य नहीं हो सका।

## जलापूर्ति नहीं होने से आक्रोशित जनों ने जाम लगाया

**मकराना,(हुक्मनामा समाचार)।** शहर के पुलिया क्षेत्र में पानी की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। जलदाय विभाग की ओर से मकराना शहर में पिछले करीब दो माह से जलापूर्ति नियमित रूप से नहीं की जा रही है। विभागीय अधिकारियों को पुलिया क्षेत्र, दो मस्जिद रोड़, रेल्वे क्वाटर्स गली आदि क्षेत्र के लोगों द्वारा नियमित रूप से पानी की आपूर्ति किये जाने की मांग की जा रही है। विभागीय अधिकारियों की ओर से हर बार यहां के नागरिकों को जल्द पानी की आपूर्ति किये जाने का आश्वासन दिया जाता रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जलदाय विभाग के अधिकारियों द्वारा हमेशा ही यहां की जनता को भ्रमित किया जाता रहा है। पिछले करीब दो माह से विभाग की ओर से जलापूर्ति नहीं की जा रही है। विभागीय अधिकारियों के रवैय से तंग आकर यहां पर विरोध स्वरूप जाम लगाया गया। जाम के साथ ही स्थानीय महिलाओं एवं बगों ने जलदाय विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। यहां पर जाम लगाये जाने के कारण वाहन चालकों को भी काफी दुश्वारियां उठानी पड़ी। जाम के बारे में स्थानीय लोगों के द्वारा मकराना पुलिस को सूचित किया गया। जिसके बाद मकराना पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन कर रही महिलाओं से समझाइश करते हुए मामले को शांत किया। जिसके बाद यहां पर जाम खोला गया। नहरबंदी के चलते शहर में जल संकट:- मकराना शहर की जलापूर्ति इन दिनों प्रभावित चल रही है।

## 15 माह बाद खुला चामुंडा माता मंदिर चोरी कांड: दो शातिर गिरफ्तार, लाखों के जेवरात ले उड़े थे आरोपी

**भीलवाड़ा,(हुक्मनामा समाचार)।** शहर से सटे हमीरगढ़ थाना पुलिस ने करीब 15 माह पूर्व चामुंडा माता मंदिर में हुई सनसनीखेज चोरी का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों ने मंदिर से सोने-चांदी के आभूषण और दानपात्र चुरा लिया था। पुलिस के अनुसार 11 फरवरी 2025 को मंदिर के पुजारी पुरण माली ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 10-11 फरवरी की रात अज्ञात बदमाश मंदिर का ताला तोड़कर करीब 550 ग्राम सोने के आभूषण, 5 किलो 150 ग्राम चांदी के जेवरात और दानपात्र चोरी कर ले गए। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह (ढ्क्क) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन व सीओ सदर हरजीराम के सुपरविजन में थानाधिकारी सुनील कुमार बेड़ा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने लगातार प्रयास करते हुए आखिरकार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफाश कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों में ज्ञानदास (26) निवासी पलाना कला, जिला उदयपुर और घनश्याम नायक (32) निवासी निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़ शामिल हैं। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी दिन में सुनसान और अधिक चढ़ावे वाले मंदिरों की रेकी करते थे और रात में सीसीटीवी से बचते हुए वारदात को अंजाम देते थे। चोरी के बाद मौके से डीवीआर भी साथ ले जाते थे ताकि कोई सुराग न मिल सके। वारदात के दौरान दोनों अपने मोबाइल फोन बंद रखते थे और बाद में चोरी के माल का आपस में बंटवारा कर अलग-अलग हो जाते थे। घटनास्थल के आसपास जंगल होने और सीसीटीवी कैमरों के अभाव के बावजूद पुलिस टीम ने पारंपरिक पुलिसिंग और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों तक पहुंच बनाई। इस पूरे मामले के खुलासे में हेड कांस्टेबल विशम्बर दयाल की विशेष भूमिका रही। फिलहाल पुलिस आरोपियों से चोरी गए माल की बरामदगी के प्रयास कर रही है और मामले में आगे की जांच जारी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत-निम्बी कलां पंचायत समिति डीडवाना**

क्रमांक: ग्रापं./निविदा/2026-27/31सम दिनांक : 13.05.2026

**ई-निविदा सूचना 01/2026-27**

ग्राम पंचायत निम्बी कलां में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा/VBG RAM G योजना एवं अन्य योजनाओं अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों व विनिर्माओं/आपूर्तिकर्ताओं से ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण कार्यालय समय में कार्यालय में एवं वेब पोर्टल http://www.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता हैं।

**UBN NO.:** PHK2627GLOB00049

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, निम्बी कलां, पं.स. डीडवाना (डीडवाना-कुचामन)

प्रशासक, ग्राम पंचायत, निम्बी कलां, पं.स. डीडवाना (डीडवाना-कुचामन)

**कार्यालय ग्राम पंचायत-पालोट पंचायत समिति डीडवाना**

क्रमांक: ग्रापं./निविदा/2026-27/31 दिनांक : 12.05.2026

**ई-निविदा सूचना 01/2026-27**

ग्राम पंचायत पालोट में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा/VBG RAM G योजना एवं अन्य योजनाओं अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों व विनिर्माओं/आपूर्तिकर्ताओं से ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण कार्यालय समय में कार्यालय में एवं वेब पोर्टल http://www.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता हैं।

**UBN NO.:** PHK2627GLOB00050

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, पालोट, पं.स. डीडवाना (डीडवाना-कुचामन)

प्रशासक, ग्राम पंचायत, पालोट, पं.स. डीडवाना (डीडवाना-कुचामन)

**कार्यालय ग्राम पंचायत-मण्डाबासनी पंचायत समिति डीडवाना**

क्रमांक: ग्रापं./निविदा/2026-27/38 दिनांक : 14.05.2026

**ई-निविदा सूचना 03/2026-27**

ग्राम पंचायत मण्डाबासनी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा/VBG RAM G योजना एवं अन्य योजनाओं अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों व विनिर्माओं/आपूर्तिकर्ताओं से ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण कार्यालय समय में कार्यालय में एवं वेब पोर्टल http://www.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता हैं।

**UBN NO.:** PHK2627GLOB00053

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, मण्डाबासनी, पं.स. डीडवाना (डीडवाना-कुचामन)

प्रशासक, ग्राम पंचायत, मण्डाबासनी, पं.स. डीडवाना (डीडवाना-कुचामन)

### डिजिटल जनगणना-2027 का पहला चरण शनिवार से शुरू

**झालावाड़ ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में डिजिटल जनगणना–2027 के तहत मकान सूचीकरण एवं घर–घर सर्वे अभियान का पहला चरण शनिवार से शुरू होगा, जो 14 जून तक चलेगा। जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ के निर्देशन में 2375 प्रगणक और 392 सुपरवाइजर सर्वे कार्य करेंगे। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से होगी तथा मोबाइल ऐप के जरिए लगभग 18 लाख लोगों से संबंधित जानकारी जुटाई जाएगी। प्रगणक घर–घर जाकर मकानों को यूनिक नंबर देंगे और पेयजल, बिजली, शौचालय, वाहन सहित अन्य सुविधाओं का विवरण दर्ज करेंगे। प्रत्येक मकान पर नंबर अंकित किया जाएगा तथा क्षेत्र की मैपिंग भी की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रगणक किसी भी नागरिक से ओटीपी, बैंक पासवर्ड या गोपनीय जानकारी नहीं मांगेंगे। सभी प्रगणकों को क्यूआर कोड युक्त डिजिटल आईडी दी गई है, जिससे आमजन उनकी पहचान सत्यापित कर सकेंगे।

# भीषण गर्मी में राहत की मिसाल: शाहपुरा जिला चिकित्सालय बना संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाओं का आदर्श केंद्र

**शाहपुरा ( हुक्मनामा समाचार )।** जहां एक ओर भीषण गर्मी के चलते आमजन अपने घरों में भी पूरी तरह राहत नहीं पा रहे, वहीं शाहपुरा जिला चिकित्सालय में मरीजों और उनके परिजनों को सुकूनभरा वातावरण उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयास मानवता और सेवा भावना की अनूठी मिसाल बनकर सामने आए हैं।जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की दूरदर्शी सोच और राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप 'आमजन को बेहतर माहौल में गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं' उपलब्ध कराने की दिशा में अस्पताल प्रशासन ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन और सतत मॉनिटरिंग में अस्पताल निरंतर नई ऊंचाइयों को छू



रहा है। अस्पताल में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक जैन के नेतृत्व में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की टीम समर्पण के साथ सेवाएं दे रही है। डॉ. रवि वर्मा, डॉ. हीरापाल मीणा, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. राहुल उपाध्याय, डॉ. बालकिशन जैन, डॉ. एस.एस. मीणा और डॉ. श्रद्धा जैन स्टाफ के उत्सव सोमानी ओम प्रकाश शर्मा कैलाश गोठवाल सहित समस्त स्टाफ ने व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई है।गर्मी से राहत दिलाने के लिए अस्पताल परिसर में विशेष पंडाल, टिन शेड, कूलर और पंखों की व्यवस्था की गई है। वेटिंग एरिया में वाटर फव्वारा सिस्टम जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी राहत मिल रही है। यह पहल दर्शाती है कि चिकित्सा सेवा केवल इलाज तक सीमित नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है।

अस्पताल में डायलिसिस, आईसीयू, मदर लैब, एक्सरे और अन्य डायग्नोस्टिक सेवाएं स्वच्छ और व्यवस्थित माहौल में उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन सुविधाओं से मरीजों को बेहतर उपचार के साथ–साथ विश्वास और संतोष का अनुभव भी मिल रहा है। चिकित्सा अधिकारियों और स्टाफ के इन प्रयासों ने 'नर सेवा ही नारायण सेवा' की भावना को साकार कर दिखाया है। शाहपुरा वासियों ने अस्पताल प्रशासन के इस उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए सभी स्वास्थ्यकर्मियों को साधुवाद और शुभकामनाएं दी हैं, साथ ही भविष्य में भी इसी सेवा भावना के निरंतर बने रहने की उम्मीद जताई है।

### युवाओं ने समझी सार्वजनिक वितरण प्रणाली की बारीकियां

**बारां ( हुक्मनामा समाचार )।** माय भारत केन्द्र द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर एवं जिला रसद अधिकारी कार्यालय के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय अनुभव आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 से 15 मई तक आयोजित किया गया। जिसमें युवाओं को सार्वजनिक वितरण प्रणाली की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा उन्हें समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रवर्तन अधिकारी रविन्द्र मील एवं रविन्द्र मीना एवं जिला युवा अधिकारी कुमार मधुकर द्वारा प्रतिभागियों को राशन वितरण प्रणाली की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि अधिप्राप्ति विभाग किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न की खरीद सुनिश्चित करता है तथा खरीद प्रक्रिया के दौरान गुणवत्ता मानकों की जांच भी की जाती है। भंडारण विभाग द्वारा वैज्ञानिक पद्धति से खाद्यान्न का सुरक्षित रख–रखाव किया जाता है।

# स्वस्थ बालिका-सशक्त भविष्य विशेष योग कार्यशाला में बताए स्वास्थ्य उन्नयन के गुर



**बूंदी ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस काउंटडाउन अभियान के अंतर्गत जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव के मार्गदर्शन में जिलेभर में योग जागरूकता एवं स्वास्थ्य गतिविधियों का क्रम अनवरत जारी है। इसी श्रृंखला में शुक्रवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, विकास नगर में 'बालिका योग एवं स्वास्थ्य उन्नयन कार्यशाला' आयोजित हुई। आयुर्वेद विभाग के पीएमओ व समन्वयक डॉ. सुनील कुशवाह के निर्देशन में यह विशेष सत्र बालिकाओं के स्वास्थ्य, मानसिक एवं आत्मविश्वास संबंधी समस्याओं के निवारण का सशक्त माध्यम बना। शिविर में योग गुरु दीपक गुर्जर एवं प्रशिक्षक भूपेन्द्र योगी ने छात्राओं को सामान्य योगाभ्यास क्रम के तहत विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं शांति पाठ का अभ्यास करवाते हुए किशोरावस्था में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं, तनाव प्रबंधन, शारीरिक संतुलन एवं स्वास्थ्य संरक्षण में लाभकारी योग क्रियाओं की व्यवहारिक व प्रायोगिक जानकारी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग को जीवनशैली से जोड़ने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।योग गुरु गुर्जर ने कहा कि योग किशोरियों को भीतर से सशक्त बनाकर उनमें आत्मसम्मान, धैर्य और सकारात्मक निर्णय क्षमता विकसित करता है। प्रशिक्षक योगी ने छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए बताया कि हम नियमित योगाभ्यास से भविष्य की मजबूत नींव तैयार करते हैं, योग स्वयं को समझने और मानसिक रूप से स्थिर रहने की सबसे सरल साधना है। प्रधानाचार्य रविन्द्र दाधीच ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे विशेष योग सत्र बालिकाओं में स्वास्थ्य जागरूकता एवं आत्मविश्वास विकसित करने की दिशा में अत्यंत प्रेरणादायी पहल हैं। यह विशेष कार्यशाला केवल योगाभ्यास तक सीमित नहीं रही, बल्कि बालिकाओं में स्वास्थ्य चेतना, आत्मबल एवं सकारात्मक जीवनदृष्टि जागृत करने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरी।

## डांग गांव में कुएं पर निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा, दो मजदूरों की मौत

**अराई ( हुक्मनामा समाचार )।** अराई कस्बे के समीप डांग गांव में शुक्रवार को कुएं की मरम्मत एवं निर्माण कार्य के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में दो मजदूरों की कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। जानकारी के अनुसार डांग गांव में कुएं की मरम्मत का कार्य चल रहा था। इसी दौरान कुएं के अंदर काम कर रहे मजदूर अचानक रस्सा और बल्लियां टूटने से गहरे कुएं में जा गिरे। हादसे में मृतकों की पहचान तेजूराम बैरवा और अशोक के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने दोनों को बचाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलते ही अराई पुलिस थाना के एएसआई छोटू लाल पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्य शुरू करवाया। ग्रामीणों और पुलिस ने पंप सेट तथा इंजन की सहायता से कुएं से पानी निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद प्रशासन ने एनडीआरएफ और सिविल डिफेंस टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीमों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को कुएं से बाहर निकाला।घटना की सूचना मिलते ही उपखंड अधिकारी नीतू मीणा, तहसीलदार प्रेम सुख वैष्णव, किशनगढ़ ग्रामीण पुलिस उपाधीक्षक आयुष वशिष्ठ, भाजपा नेता सुभाष चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## भारतीय शिक्षण मंडल का दो दिवसीय परिचायक वर्ग आज से

**बांदरसिंदरी ( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय शिक्षण मंडल के तत्वाधान में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय बांदरसिंदरी इकाई (चित्तौड़ प्रांत) द्वारा दो दिवसीय 'परिचायक वर्ग' का आयोजन 16 एवं 17 मई 2026 को राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, किशनगढ़, अजमेर में किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षण, संगठन और भारतीय शिक्षा दर्शन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित होंगे । वर्ग में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के आचार्यगण, शोधार्थी और विद्यार्थी सहित 65 से ज्यादा भारतीय शिक्षण मंडल के कार्यकर्ता भाग लेंगे द्य कार्यक्रम के वर्गाधिकारी राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के माननीय



कुलगुरु प्रो. आनंद भालेराव होंगे, जो भारतीय शिक्षण मंडल चित्तौड़ प्रांत के अध्यक्ष हैं। आयोजन में विभिन्न शिक्षाविद् एवं संगठन पदाधिकारी मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 16 मई शनिवार सायं 6 बजे आगमन एवं पंजीकरण से होगा। प्रथम दिवस पर परिचय सत्र, वर्ग के महत्व पर चर्चा तथा आत्मावलोकन एवं वैचारिक लेखन संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। रात्रि में दीप निर्वाण के साथ दिन का समापन होगा।द्वितीय दिवस 17 मई रविवार को प्रातः जागरण, एकात्मता स्त्रोत एवं योग साधना से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके बाद भारतीय शिक्षा दर्शन विषय पर डॉ. संजय पाठक (अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख, भारतीय शिक्षण मंडल) का मार्गदर्शन सत्र आयोजित होगा। कार्य, कार्यक्रम, गतिविधि एवं कार्यविभाग विषय पर चित्तौड़ प्रांत, भारतीय शिक्षण मंडल प्रांत सहमंत्री डॉ. जय प्रकाश त्रिपाठी प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। मध्याह्न सत्र में ध्येय श्लोक, ध्येय वाक्य एवं संगठन गीत का अभ्यास कराया जाएगा। इसके पश्चात, चित्तौड़ प्रांत, भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. अनिल गुप्ता द्वारा उत्सव, कार्यकर्ता विकास, कार्यपद्धति, मंडल संकल्पना एवं अध्ययन समूह विषय पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रत्यक्ष मंडल एवं मुक्त चर्चा सत्र आयोजित होंगे, जिनमें प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया जाएगा ।

## शनि भगवान मंदिर में पूजा, महाआरती व सुण्दरकांड पाठ का आयोजन आज

**छोटीखाटू ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में शनिवार को कबूला बास वाले शनि भगवान मंदिर में शनि भगवान जन्मदिन मनाया जायेगा। नंदकिशोर सोनी ने बताया शनिवार को सुबह 7 बजे पूजा का आयोजन है और 8 बजे सुबह शनि महाराज की आरती है और शाम को 7बजे भव्य सुंदरकांड का पाठ का आयोजन रखा गया है जिस में सभी समाज के बंधू पधारे ओर सुंदरकांड का लाभ प्राप्त करे और आरती का आनंद लेवे। सभी समाज के बंधुओं द्वारा शनि महाराज का जन्मदिन के इस भावी अवसर केक का भोग लगा के जन्मदिन बनाया जाएगा।

## जन कल्याण के लिये चरणों में निर्वाण लाडू समर्पित किया



**मकराना ( हुक्मनामा समाचार )।**ज्येष्ठ कृष्णपक्ष की चतुर्दशी पर शुक्रवार को तीर्थंकर शांतिनाथ जी का जन्म तप एवं मोक्ष कल्याणक माहामोहोत्सव पांरपारिक रूप से श्रद्धापूर्वक मनाया गया है। जैन मंदिरों में जैन समाज की ओर से आज अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। वसुधरा नगर कॉलोनी के चन्द्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर के सेवक सुनील कुमार ने बताया कि शांतिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक हस्तिनापुर में हुआ था आज के ही दिन प्रातःकाल भरणी नक्षत्र में मातारानी ऐरावती ने तीर्थंकर को जन्म दिया था। मोक्ष कल्याणक शिखरजी में कुन्दप्रभ कूट पर हुआ था। दिन संध्या के समय भरणी नक्षत्र में 9000 मुनिराजों के साथ मोक्ष पद को प्राप्त किया। इस कूट से 9 कोड़ा, कोड़ी 9 लाख 9 हजार 999 मुनि सिद्ध भये अत्यंत भक्ति–भाव से शांतिनाथ जी भगवान की आज प्रातः सर्व प्रथम श्रीजी का अभिषेक का सौभाग्य प्रमोद कुमार, गीरीश, राजेश बरेठा परिवार, शांतिनाथ भगवान की शांतिधारा करने का सौभाग्य सुनिल कुमार, सुमित ढीलवारी परिवार एवं पवन कुमार, नविन कुमार पाण्डया परिवार को और भक्तांबर यंत्र एवं मोक्ष मोदक चढ़ाने का सौभाग्य नविन कुमार, मनीष कुमार शाहबजाज परिवार को मिला। इसी प्रकार पुरुष, महिलाओं एवं ब%चों के द्वारा शांति नाथ भगवान की विशेष पूजन, विधान किया जाकर विश्व में अमन–चैन शांति व जन कल्याण की भावना के साथ भगवानजी के श्री चरणों में निर्वाण लाडू समर्पित किया। इससे पूर्व जैन समाज की ओर से कॉलोनी में प्रभात फैरी निकाली गई जिसका अनेक स्थानों पर धर्मप्रेमियों की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात भगवान की महाआरती का कार्यक्रम हुआ और शांतिधारा, अभिषेक सहित अनेक प्रकार के अनुष्ठान संपादित हुए।

# हौसलों की उड़ान: भीलवाड़ा में विशेष बच्चों के सपनों को मिल रही नई दिशा

**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** जहाँ चाह, वहाँ राह—इस कहावत को चरितार्थ करते हुए शहर के पटेल नगर स्थित सेवा आश्रम विद्यालय इन दिनों संवेदनशीलता, सेवा और समर्पण का जीवंत उदाहरण बना हुआ है। भारत विकास परिषद, स्वामी विवेकानंद शाखा द्वारा आयोजित 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में विशेष बौद्धिक दिव्यांग एवं दृष्टिहीन बच्चों के हुनर को निखारने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।शिविर में कुल 39 बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं, जो हर सुबह अपने सपनों को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। सुबह 8 से 10:30 बजे तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विविध गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है।इस दौरान बौद्धिक दिव्यांग बच्चे संगीत की धुन पर नृत्य के कदम सीखते नजर आते हैं, तो वहीं कई बच्चे रंगों के माध्यम से अपनी भावनाओं और कल्पनाओं को कागज पर उकेर रहे हैं। पेंटिंग




और रचनात्मक गतिविधियों के साथ–साथ लूडो जैसे मानसिक खेलों के जरिए उनकी एकाग्रता और बौद्धिक क्षमता को भी मजबूत किया जा रहा है।शिविर का सबसे प्रेरणादायक पहलू दृष्टिहीन बच्चों को आधुनिक तकनीकी उपकरणों का प्रशिक्षण देना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपने जीवन को सुगम बना सकें। यह पहल उनके भीतर आत्मविश्वास और आत्मबल का संचार कर रही है। प्रशिक्षण के दौरान परिषद के पदाधिकारी और विशेषज्ञ प्रशिक्षक पूरे समर्पण के साथ प्रत्येक बच्चे की प्रतिभा को निखारने में जुटे हैं। शिविर के अंत में सभी बच्चों के लिए पौष्टिक और सात्विक अल्पाहार की व्यवस्था भी की जाती है, जिससे उनमें आपसी भाईचारा, समरसता और सामाजिकता की भावना विकसित हो रही है।

परिषद पदाधिकारियों के अनुसार, इस शिविर का उद्देश्य विशेष बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना और सेवा की सनातन परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है।

### 17 मई से भीलवाड़ा में 'सनातन पुरुषोत्तम माह महोत्सव' का आगाज, कलश यात्रा से होगी शुरुआत

**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )** शहर में 17 मई से 15 जून 2026 तक हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में 'सनातन पुरुषोत्तम माह महोत्सव' आयोजित होगा। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में होने वाले इस महोत्सव में एक माह तक भक्ति और धार्मिक आयोजन होंगे। महोत्सव की शुरुआत 17 मई सुबह 8 बजे बालाजी मार्केट स्थित बालाजी मंदिर से निकलने वाली कलश यात्रा से होगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए आश्रम पहुंचेगी। प्रतिदिन सुबह 7 बजे विष्णु यज्ञ, 10 बजे रुद्राभिषेक और शाम 6:15 बजे आरती, हरिनाम संकीर्तन व गंगा आरती होगी। दोपहर 3 से 6 बजे तक अलग–अलग संतों द्वारा श्रीराम कथा, भक्तमाल, भागवत और शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का समापन 15 जून को संत समागम, पूर्णाहुति और गंगा आरती के साथ होगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से सपरिवार शामिल होने की अपील की है।

### भीषण गर्मी में राहत का संकल्प भीलवाड़ा में आज हजारों लोगों को पिलाई जाएगी शीतल छाछ

**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** जेठ माह की तपती गर्मी और तेज लू के बीच आमजन को राहत देने के उद्देश्य से शहर में एक सराहनीय सेवा पहल की जा रही है। हेड पोस्ट ऑफिस के पास स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर की ओर से शनिवार, 16 मई को निःशुल्क ठंडी छाछ का वितरण किया जाएगा।मंदिर परिसर के बाहर आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में करीब 10 हजार से अधिक लोगों को शीतल छाछ पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सरस डेयरी की ओर से लगभग 5 हजार लीटर क्षमता का विशेष छाछ टैंकर उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और राहगीरों को गर्मी से राहत मिल सके।कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे विधिवत पूजा–अर्चना और मंगलाचार के साथ होगा। इस अवसर पर गौभक्त विधायक अशोक कोठारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजन मंदिर के महामंडलेश्वर बाबूगिरीजी महाराज की प्रेरणा एवं सानिध्य में किया जा रहा है।व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था की गई है, ताकि तेज धूप के बीच आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजन को सफल बनाने में महावीर अग्रवाल, रमेश बंसल, सांवरमल बंसल सहित अनेक समाजसेवी सक्रिय सहयोग दे रहे हैं।

इसके अलावा हेमन्त पुरी, दीपक सिन्धी, मुकेश मनिहार, गगन जैन, दिलीप कोगटा, अमित डागा, गजानन्द बजाज, पीयूष डाड, कन्हैया लाल स्वर्णकार, राधेश्याम सोमानी, पिंकेश पुरी, मनोज भारद्वाज, अभिषेक मीणा, भूपेंद्र जैन, सूरज करण चौधरी, भानु प्रताप सिंह राणावत, हेमंत धाकड़, सुखदेव तेली सहित कई भक्तजन आयोजन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। गौरतलब है कि श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर शहर में सेवा और धार्मिक आयोजनों के लिए विशेष पहचान रखता है। मंदिर में समय–समय पर हनुमान जयंती, जन्माष्टमी और अन्नकूट जैसे धार्मिक आयोजनों के साथ विभिन्न सामाजिक सेवा कार्य भी नियमित रूप से किए जाते हैं।

### ग्राम 2026 मीट में जाएंगे जिले के 1690 किसान

**बारां, ( हुक्मनामा समाचार )।**ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट के 23 से 25 मई तक जयपुर में होने वाले आयोजन में जिले से 1690 प्रगतिशील व नवाचारी किसान शामिल होंगे। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार धनराज मीणा ने बताया कि तीन दिवसीय एग्रीटेक मीट में जिले से प्रत्येक दिन 550 से अधिक किसान भाग लेंगे। इसके लिए विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मीट में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, ड्रोन से छिड़काव, स्मार्ट खेती और नई मशीनरी का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही कृषि वैज्ञानिक और विशेषज्ञ प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और फसल का बेहतर दाम पाने के तरीके बताएंगे, ताकि किसान बदलते दौर के अनुसार नई तकनीक अपना सकें। नवाचार अपनाने से बढ़ेगी आयकृषि विभाग द्वारा बताया गया कि यह मीट किसानों के लिए सीखने का बड़ा अवसर है। बदलते मौसम और बढ़ती लागत के दौर में नवाचार अपनाना जरूरी है, जो किसान नई तकनीक अपनाएंगे, वे कम खर्च में अधिक उत्पादन लेकर आय बढ़ा सकेंगे।

### ग्रामीण अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं: प्रहलाद राय टाक

**बूंदी ( हुक्मनामा समाचार )।** केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव–गांव तक पहुंचाने के लिए संचालित 'ग्राम रथ अभियान' के तहत गुरूवार को हिण्डोली उपखंड क्षेत्र के ढगारिया गांव में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक एवं जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव शामिल हुए।

# बाल संप्रेषण गृह का जिला कलक्टर ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**बूंदी ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने शुक्रवार को बीबनवा रोड स्थित बाल संप्रेषण गृह और बाल कल्याण समिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिला कलक?टर ने परिसर का दौरा



करते हुए साफ–सफाई, भोजन व्यवस्था और बच्चों की दिनचर्या की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को खाली जगह पर पौधारोपण करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने चाइल्ड लाइन और शिशु गृह का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों से कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने संप्रेषण गृह में रह रहे बच्चों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों की देखरेख, संरक्षण और समयबद्ध पुनर्वास में पूरी गंभीरता बरती जाएं। परिसर में बरसाती जलभराव की समस्या को देखते हुए कलक्टर ने पानी निकासी के लिए जल्द से जल्द निर्माण संबंधी प्रस्ताव बनाकर भिजवाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सीमा पोद्दार, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशकशर्मा और अंजलि सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहें।

**राजस्थान एनर्जी कॉन्क्लेव**

**ऊर्जा की बचत ही है ऊर्जा उत्पादन का सबसे बड़ा और बेहतर विकल्प**

# ईंधन के संयमित उपभोग की आदत से ही प्रशस्त होगी आत्मनिर्भरता की राह-मुख्यमंत्री

**पेट्रोल-डीजल की बचत है सामूहिक जिम्मेदारी**

**सौर ऊर्जा उत्पादन में हम अव्वल, ऊर्जा प्रदाता राज्य बनेगा राजस्थान**





**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा उत्पादन का सबसे सस्ता, प्रभावी और स्थायी विकल्प है। संसाधनों के विवेकपूर्ण और संयमित उपभोग की आदत ही ऊर्जा आत्मनिर्भरता की राह को प्रशस्त करेगी।

उन्होंने कहा कि राजस्थान आज सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में देश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और आने वाले समय में ऊर्जा प्रदाता राज्य के रूप में अपनी पहचान और मजबूत करेगा। गैर परंपरागत ऊर्जा स्रोतों के विकास की असीम संभावनाओं के साथ प्रदेश हरित ऊर्जा क्रांति का केंद्र बन रहा है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को राजस्थान एनर्जी कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रप्रथम की भावना पर आधारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ईंधन की एक-एक बूंद बचाने के मंत्र को अपनाते हुए सरकार ने राजकीय वाहनो के सीमित और संयमित उपयोग और ऊर्जा संरक्षण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

**अक्षय ऊर्जा में राजस्थान स्थापित कर रहा प्रतिमान :** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि भारत वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के साथ ही, वर्ष 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य भी प्राप्त करेगा। राजस्थान सरकार इस



लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रही है। राज्य में 828 गीगावाट सौर ऊर्जा और 284 गीगावाट पवन ऊर्जा की संभावनाएं हैं। अब तक राज्य में 47 गीगावाट से अधिक की अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है और राजस्थान सौर परियोजना स्थापना में देश में अग्रणी है। हमारी सरकार के कार्यकाल में 24 हजार 410 मेगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता की वृद्धि हुई है।

**ग्रीन एनर्जी, ई-मोबिलिटी की तरफ बढ़ा रहे मजबूत कदम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कृषि विद्युत भार को सौर ऊर्जा के माध्यम से पूरा करने के लिए कुसुम योजना के अंतर्गत लघु सौर परियोजनाएं कृषि भूमि पर स्थापित की जा रही हैं।

**ईवी से पहुंचे मुख्यमंत्री, ईंधन बचत का दिया संदेश**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक व्हीकल से पहुंचे और ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने का सशक्त एवं प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऊर्जा संरक्षण एवं ईंधन की बचत जनभागीदारी से जुड़ा एक व्यापक जनआंदोलन है। पेट्रोल-डीजल की बचत समय की आवश्यकता है और स्वच्छ एवं वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को अपनाकर ही भविष्य की ऊर्जा चुनौतियों का समाधान संभव है।

**निवेशकों से आह्वान - पधारो म्हारे देश**

उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र के निवेशकों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप राजस्थान को ऊर्जा का पावरहाउस बनाने में भागीदारी निभाने की अपील की। साथ ही, उन्होंने कहा कि निवेश की दृष्टि से भी राजस्थान देश के सबसे अनुकूल राज्यों में शामिल है। सरकार उद्योगों और निवेशकों को हर संभव सहयोग एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्रगतिशील नीतियों का ही परिणाम है कि राज्य में सौर, पवन, बायो ऊर्जा, पंप स्टोरेज और ग्रीन हाइड्रोजन की परियोजनाओ में निवेश के प्रस्ताव मिले हैं, जो कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था के लिए एक नए युग की शुरुआत है।

**खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय का बड़ा एक्शन**

## अनसेफ मिलने पर 4 खाद्य पदार्थों के विक्रय, वितरण एवं डिस्प्ले पर प्रतिबंध

***24 खाद्य पदार्थों के नमूने अनसेफ मिलने पर फर्मों के लाइसेंस निलंबित***

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में संचालित 'शुद्ध आहार एवं मिलावट पर वार' अभियान के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई अमल में लायी जा रही है।

विगत मार्च एवं अप्रेल माह के दौरान खाद्य सुरक्षा दलों द्वारा जिलों में लिए गए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूनों के संदर्भ में जनस्वास्थ्य प्रयोगशाला में किए गए परीक्षणों की रिपोर्ट के अनुसार पैक्ड खाद्य पदार्थ असुरक्षित (अनसेफ) पाए गए हैं। अनसेफ पाए गए खाद्य पदार्थों के राज्यभर में वितरण, विक्रय एवं प्रदर्शन (डिस्प्ले) पर आगामी दो माह के लिए प्रदेशभर में प्रतिबंध लगाया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि प्रदेशभर में आमजन को सुरक्षित खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 'शुद्ध आहार एवं मिलावट पर वार' अभियान संचालित किया जा रहा है। खाद्य प्रयोगशाला की रिपोर्ट के आधार पर बीकानेर, जयपुर एवं ग्वालियर की 4 फर्मों के कुछ खाद्य पदार्थों के वितरण, विक्रय एवं प्रदर्शन पर आगामी दो माह के लिए प्रोहिबिशन आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आमजन को सलाह दी जाती है कि इन खाद्य पदार्थों की खरीदारी करने से बचें।

**इन 4 उत्पादों को किया प्रतिबंधित–**

खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला ने बताया कि बीकानेर की पापड़ निर्माता फर्म हैप्पी, पूजा पापड़ भंडार बीकानेर, मैसर्स बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड, बीकानेर की आल इन वन नमकीन (कुछ-कुछ) बैच नंबर के26सी81126, डबरा (ग्वालियर) की किचन किंग निर्माता फर्म के रोस्टेड चना एवं सावित्री फूड झांसी रोड, की निर्माता फर्म-अनु मिल्क प्रोडक्ट्स लिमिटेड, वीकेआईए, जयपुर के घी-बिलोना बैच नंबर 029 नामक पदार्थों के प्रोहिबिशन आदेश जारी किए गए है। उन्होंने बताया कि खाद्य व्यापारी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 46(4) की निर्धारित अवधि में पुनः जांच हेतु अपील करने के उपरांत रेफ़रल प्रयोगशाला की रिपोर्ट अनसेफ प्राप्त होने या धारा 46(4) की अवधि में अपील नहीं करने पर इन खाद्य पदार्थों के रिकॉल की प्रकिया अमल में लाई जाएगी।



## ज्ञान भारतम् मिशन पांडुलिपि सर्वे की मासिक समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई आयोजित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कला साहित्य एवं संस्कृति विभाग की उप शासन सचिव डॉ अनुराधा गोगिया ने शुक्रवार को प्राचीन ग्रंथों एवं पाण्डुलिपियों के सर्वे के कार्य के लिए राजस्थान के समस्त जिला नोडल अधिकारियों की ज्ञान भारतम् मिशन पांडुलिपि सर्वे की मासिक समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कर सर्वे में प्रगति लाये जाने हेतु निर्देश प्रदान किए। पांडुलिपि सर्वे के सुनियोजित नियोजन और कार्यान्वन के लिए राजस्थान के समस्त जिला नोडल अधिकारीयों को संस्कृत विषय से सम्बंधित सर्वेयर लगाने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये है। इसके लिए राजस्थान में नियुक्त सर्वेयर द्वारा विश्वविद्यालय, पुस्तकालयों, मंदिरों मठों और निजी संस्था संस्थाओं एवं निजी पांडुलिपि धारकों के साथ समन्वय स्थापित कर पांडुलिपियों का सर्वे किया जाएगा 'हर घर दस्तक' अभियान सहित जन जागरूकता अभियानों को बढ़ावा देने के लिए भी निर्देशित किया गया। ज्ञान भारतम् मिशन योजना के तहत हस्तलिखित पांडुलिपियों और सदियों पुराने दस्तावेजों को संरक्षित करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके ज्ञान के खजाने का उपयोग करने के लिए किये गये कार्य में आम जनता का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है। ज्ञान भारतम मिशन द्वारा बनाये गए ऐप में लोगों द्वारा ऐप डाउनलोड कर उनके पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों से संबंधित सूचना ऐप में दर्ज की जाएगी।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भिवाड़ी में प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर क्लस्टर का किया उद्घाटन**

**6 गुना वृद्धि के साथ इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग 13 लाख करोड़ रूपये पहुंची-अश्विनी वैष्णव**

## राजस्थान में निवेश को मिल रहा निरन्तर प्रोत्साहन-भजनलाल शर्मा




**भिवाड़ी में एल्सीना इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, 34 एमएलडी एसटीपी एवं खैरथल-तिजारा के विभिन्न विकास कार्यों का वीसी के माध्यम से किया शिलान्यास-लोकार्पण**



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए हर क्षेत्र में प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। गत दो वर्षों से अधिक समय में 35 नीतियों को लागू कर राज्य सरकार ने अनुकूल औद्योगिक वातावरण का निर्माण किया है, जो कि विकसित भारत-विकसित राजस्थान 2047 की ओर महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में सिरमौर बनाने के क्रम में पवन और सौर ऊर्जा सहित अक्षय ऊर्जा की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीसी के माध्यम से भिवाड़ी में एल्सीना इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, 34 एमएलडी एसटीपी एवं खैरथल-तिजारा जिले के विभिन्न विकास कार्यों सहित अन्य परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) द्वारा हरियाणा के रास्ते दिल्ली से जोड़ने की परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। वहीं, यमुना जल समझौते के तीव्र क्रियान्वयन के साथ ही, सरकार अलवर के निकट बांदीकुई में एक बड़े इण्डस्ट्रीयल एरिया की स्थापना भी करने जा रही है। उन्होंने भिवाड़ी में सेमीकंडक्टर क्लस्टर का जिक्र करते हुए इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ग्राम और वार्ड के सुनियोजित विकास के लिए विकसित ग्राम-वार्ड अभियान की दूरगामी पहल की है। इसके अन्तर्गत राज्य सरकार सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण और आवश्यकताओं को समाहित करते हुए गांवों के विकास का ब्लू प्रिंट तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण युवाओं की सुविधाओं के दृष्टिगत पंचायत स्तर पर अटल ज्ञान केन्द्र खोलने का अहम निर्णय भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन आंकाक्षाओं के अनुरूप राज्य सरकार ने बिजली-पानी की आवश्यकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसी क्रम में, रामजल सेतु लिंक परियोजना, आईजीएनपी एवं गंगनहर का सुदृढ़ीकरण, माही, देवास एवं सोम-कमला-अंबा परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। वहीं, 24 जिलों में किसानों को दिन के समय में बिजली आपूर्ति की जा रही है।

केन्द्रीय रेल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर्स एक महत्वपूर्ण इंडस्ट्री है। आज भारत में 12 सेमीकंडक्टर प्लांट हो गये हैं और विभिन्न उपकरणों की चिप्स का निर्माण हो रहा है। राजस्थान का नाम भी इस इंडस्ट्री से जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में देश ने गत 12 वर्षों में बड़ी छलांग लगाई है। आज भारत में 6 गुना वृद्धि के साथ इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग 13 लाख करोड़ रूपये पहुंच गई है। वहीं, मोबाईल भारत से निर्यात होने वाली पहली नम्बर की कमोडिटी बन गई है।



## केंद्र सरकार की एसएएससीआई पहल के तहत राज्य को 11 हजार करोड़ रुपए तक की ब्याज मुक्त सहायता

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिववी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में केंद्र सरकार की 'स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट (एसएएससीआई) 2026-27' तथा 'फाइनेंशियल असिस्टेंस फॉर पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर 2026-27' के राजस्थान से सम्बंधित मुद्दों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके अंतर्गत राजस्थान को लगभग 11 हजार करोड़ रुपए तक का 50 वर्ष के लिए ब्याज मुक्त ऋण सहायता प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस सहायता राशि का उपयोग राज्य में 5 करोड़ रुपए अथवा उससे अधिक लागत वाली पूंजीगत परियोजनाओं एवं आधारभूत विकास कार्यों के लिए किया जा सकेगा, जिससे राज्य में विकास गतिविधियों को नई गति मिलेगी। मुख्य सचिव ने कहा कि एसएएससीआई राज्य के कैपिटल एक्सपेंडिचर सघनता वाले प्रोजेक्ट्स के लिए किसी वरदान से कम नहीं है तथा इसके माध्यम से आधारभूत संरचना निर्माण, आर्थिक गतिविधियों के विस्तार एवं भविष्य की उत्पादक क्षमता को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विभागों को गुणवत्तापरक मानकों की प्राप्ति, समयबद्ध क्रियान्वयन तथा केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित रिफॉर्म्स एवं माइलस्टोन को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि 'फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व' आधार पर जारी की जाती है, इसलिए सभी विभाग लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा परियोजनाओं एवं आवश्यक विवरणों की शीघ्र अपलोडिंग करें।

**सहकारिता विभाग में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में 'जीरो टॉलरेंस'**

## अनियमितताओं के मामलों में कठोर कार्यवाही रहेगी जारी-डॉ. समित शर्मा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक की मंशा के अनुरूप सहकारिता विभाग में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। इसी क्रम में रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां डॉ. समित शर्मा ने कठोर कार्यवाही करते हुए टोंक जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डार के तत्कालीन महाप्रबंधक करूणेश कुमार सोनी को सेवा से बर्खास्त किया है। जांच में करोड़ों रुपये के गबन, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, अनधिकृत भुगतान तथा संस्थान को आर्थिक क्षति पहुंचाने जैसे गंभीर मामले प्रमाणित पाये जाने पर यह कार्यवाही की गई है।

वर्ष 2012-13 से 2015-16 के दौरान टोंक जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार में वित्तीय लेन-देन में बड़े स्तर पर अनियमितताएं सामने आईं थी। जांच में लगभग 4.80 करोड़ रुपये की अमानत राशि के गबन एवं दुरुपयोग के आरोप प्रमाणित पाए गए। साथ ही, बैंक खातों से नकद राशि के कपटपूर्वक आहरण तथा अनधिकृत व्यक्तियों को भुगतान कर भण्डार को गंभीर आर्थिक हानि पहुंचाने, भण्डार को शास्ति की हानि पहुंचाने, विभिन्न व्यक्तियों व संस्थाओं से अमानतें प्राप्त कर भण्डार की लेखा पुस्तिकाओं में इन्द्राज नहीं किए जाने, राशि का षड्यंत्रपूर्वक अपहरण कर भण्डार की साख को हानि पहुंचाने, कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरतने तथा राज्य सरकार की छवि को धूमिल करने के आरोप भी प्रमाणित पाये गए। इस पर सख्त रूख अपनाते हुए राजस्थान सिविल सर्विसेज (क्लासिफिकेशन कन्ट्रोल एंड अपील) नियम 1958 के नियम 16 के तहत करूणेश कुमार सोनी का सेवा से निष्कासन किया गया है। वर्ष 2015 में प्रकरण प्रकाश में आने के बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। इसके बाद विभागीय स्तर पर विस्तृत जांच प्रारंभ की गई। मामले में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत पुलिस द्वारा आरोप पत्र भी न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध लगाए गए चारों प्रमुख आरोप प्रमाणित माने गए। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि संबंधित अधिकारी द्वारा अपने प्रशासनिक एवं वित्तीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण संस्था को आर्थिक एवं प्रशासनिक दोनों स्तरों पर नुकसान उठाना पड़ा। विभागीय जांच प्रक्रिया के दौरान दस्तावेजों का परीक्षण, बैंक रिकॉर्ड का सत्यापन तथा संबंधित पक्षों की व्यक्तिगत सुनवाई की गई।

**पंचकुला में भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड स्वर्ण जयंती समारोह**

## बीबीएमबी में राजस्थान को स्थाई सदस्य बनाए जाने का आग्रह

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड का स्थापना दिवस (स्वर्ण जयंती समारोह) शुक्रवार को पंचकुला के इंद्रधनुष सभागार में आयोजित हुआ। समारोह में जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड अपनी स्थापना (15 मई 1976) से राजस्थान, पंजाब और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के मध्य जल वितरण, सिंचाई प्रबंधन और जल-विद्युत प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रावत ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान के 13 जिले पेयजल व सिंचाई के लिए रावी-ब्यास-सतलुज नदी प्रणाली के जल पर ही निर्भर है। विगत दशकों से इस परियोजना ने राजस्थान के मरु प्रदेश को हरा-भरा बनाने और आर्थिक समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**नीट-2026 पेपर लीक**

***डोटासरा का भाजपा पर तीखा हमला***

## बड़े मगरमच्छों को बचाने के लिए राजस्थान में क्यों नहीं दर्ज हुई एफआईआर ?



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान नीट-2026 परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। डोटासरा ने आरोप लगाया कि पेपर लीक मामले में गिरफ्तार भाजपा पदाधिकारी बड़े नेताओं के नाम ले रहा है, लेकिन उन्हें बचाने के लिए जांच की दिशा मोड़ी जा रही है। डोटासरा ने सवाल उठाया कि जब सीकर के लोगों ने पुलिस को पेपर लीक की पुख्ता जानकारी दी, तो 9 दिनों तक राजस्थान में एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई? उन्होंने कहा कि राजस्थान का पेपर लीक कानून केंद्र से दस गुना मजबूत है, जिसमें आजीवन कारावास और 10 करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। भाजपा नेताओं को बचाने के लिए ही मामला दर्ज करने में देरी की गई, जिसके बाद अभ्यर्थियों ने सीधे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को साक्ष्य ईमेल किए।

# लाडोली ग्राम पंचायत कार्यालय का शुभारंभ

**मकराना (हुक्मनामा समाचार)।** मकराना पंचायत समिति की नवीन ग्राम पंचायत लाड़ोली के कार्यालय का भव्य उद्घाटन मकराना के पूर्व विधायक श्रीराम भींचर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ हनुमान महाराज व भगवत महाराज ने मांत्रोचार के साथ विधान से पूजा अर्चना करवाकर की। आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक एवं अन्य अतिथियों सहित अधिकारियों का आयोजनकर्ता डॉ. नन्द सिंह राठौड़, जवान राम लेगा, लादू सिंह राठौड़, बाबूलाल सिंह राजपुरोहित, मंगल सिंह शेखावत सहित ग्रामीणों के द्वारा माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही मकराना के पूर्व विधायक भींचर ने पंचायत कार्यालय का फिता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा



पूर्व विधायक ने कहा कि लाडोली ग्राम पंचायत के गठन से ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा। सरकार की मंशा हमेशा ग्रामीणजनों को लाभान्वित करने की रही है। लाडोली ग्राम पंचायत के अधिनस्थ ग्राम क्षेत्रों के नागरिकों को अब दूर दराज नहीं जाना पडेगा और यहां पर उनके कार्य समयानुसार हो सकेगें। पूर्व विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि विकास के कार्यो में किसी भी प्रकार से कमी आने नहीं दी जायेगी। यहां पर ग्रामीणों की मांग के अनुसार ही विकास के कार्य होगें। साथ ही उन्होने सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए आह्वान किया कि वे सरकार की हर एक योजना का लाभ उठाये ताकि इन योजनाओं की सार्थकता सिद्ध हो सके। इसी प्रकार मकराना उपखण्ड अधिकारी अंशुल सिंह बेनीवाल ने भी सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि उनकी हर समस्या के समाधान हेतु प्रशासन की ओर से सार्थक प्रयास किये जाते रहेगें। वही पूर्व प्रधान हिम्मतसिंह राजपुरोहित ने कार्यक्रम को संबोधित करते ग्राम पंचायत का प्रथम सरपंच कर्तव्यनिष्ठ को चुनने का आह्वान किया। साथ ही जाति वाद से उपर उठकर ग्राम के विकास को महत्व देने की बात कही। उन्होने ग्राम विकास के लिये डॉ नन्दसिंह, जवानाराम लेगा व उपसरपंच लादूसिंह के द्वारा किये गये प्रयासों की भी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान मकराना तहसीलदार श्रीमती कृष्णा शर्मा, मकराना पंचायत समिति के विकास अधिकारी दीपक चौधरी, पंचायत समिति के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी शिव शंकर पारीक, पूर्व पंचायत समिति सदस्य भंवराराम डूडी, डॉ. नन्द सिंह राठौड़, जवान राम लेगा, लादू सिंह राठौड़, बाबूलाल सिंह राजपुरोहित, मंगल सिंह शेखावत, भैरूराम लेगा, लालसिंह राठौड़, शीशपाल सेन, मेघाराम गुर्जर, हुकमाराम लेगा, भरत सिंह, दीनाराम लेगा, बनाराम शेरसिया, वार्ड पंच भंवर लाल गुर्जर, वार्ड पंच देवाराम, रघुनाथ वैष्णव, कांता ओझा, कृष्ण कंवर, मेमद कंवर, सुमित्रा शर्मा आदि मौजूद रहे।

फोटो कैप्शनः- मकराना। लाडोली ग्राम पंचायत कार्यालय का फिता काटकर शुभारंभ करते पूर्व विधायक व अन्य।

# पूर्व विधायक सुरेश टांक ने अराई क्षेत्र का दौरा कर सुनी ग्रामीणों की समस्याए


**अराई (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व विधायक सुरेश टांक ने शुक्रवार को अराई क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया।

दौरे के दौरान उन्होंने अराई, छोटा लाम्बा, आकोड़िया, गोठियाना, बोराड़ा, खरवड़ एवं सांदोलिया गांव पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया। ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, बिजली तथा अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक को अवगत कराया। इस पर सुरेश टांक ने संबंधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं के समाधान के प्रयास करने का भरोसा दिलाया। दौरे के दौरान पूर्व विधायक ने क्षेत्र के शोक संतप्त परिवारों से भी मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वे परिवारों के साथ खड़े हैं। ग्रामीणों ने भी पूर्व विधायक के दौरे को सकारात्मक बताते हुए क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग रखी।

इस अवसर पर कई ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तर पर भी टॉप कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया

**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** वंडर सीमेंट लिमिटेड आर.के. नगर स्थित पाटनी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल छा गया। वंडर सीमेंट लिमिटेड आर.के. नगर स्थित पाटनी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल छा गया। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र हरीश कुमार धाकड़ ने वाणिज्य संकाय में 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, बल्कि ब्लॉक स्तर पर भी टॉप कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर वंडर सीमेंट लिमिटेड के यूनिट हेड एवं विद्यालय प्रबंधक नितिन जैन ने हरीश कुमार धाकड़ सहित सभी सफल विद्यार्थियों,




अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पाटनी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत परिणाम देकर उत्कृष्ट शिक्षा परंपरा को कायम रखा है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग ही इस सफलता का आधार है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि वाणिज्य संकाय में सुश्री सिया मूंदड़ा ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा ईशान गोयल ने 95.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं विज्ञान संकाय में श्रीहरी एस. नायर ने 88.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, सुश्री लायशा जैन ने 88.00 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा आशुतोष आमेटा ने 83.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# अब तैयारी पर फोकस करें स्टूडेंट्स : नितिन विजय

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** मोशन एजुकेशन के फाउंडर और एजुकेटर नितिन विजय ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा 21 जून को दोबारा आयोजित कराने के फैसले पर कहा कि यह समय स्टूडेंट्स के लिए मानसिक रूप से मजबूत बने रहने का है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे पेपर लीक विवाद और चर्चाओं में उलझने के बजाय आगामी 36 दिनों की तैयारी पर पूरा ध्यान दें। नितिन विजय ने कहा कि देशभर के लाखों छात्रों की मेहनत और भविष्य इस परीक्षा से जुड़ा है। ऐसे में परीक्षा की विश्वसनीयता बनाए रखना



सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार और एनटीए इस बार परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और सख्ती के साथ आयोजित करेंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रश्नपत्रों की प्रिंटिंग, ट्रांसपोर्टेशन और वितरण प्रक्रिया में सेना या केंद्रीय सुरक्षा बलों की मदद ली जा सकती है, जिससे पेपर लीक जैसी घटनाओं की संभावना काफी कम हो जाएगी।

उन्होंने अगले साल से नीट का आयोजन ऑनलाइन किए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि नीट को ऑनलाइन मोड में ले जाना समय की आवश्यकता थी। इससे नीट जैसी विशाल परीक्षा को अधिक पारदर्शी तरीके से आयोजित किया जा सकेगा। जेईई मेन का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि कंप्यूटर आधारित परीक्षा प्रणाली में पेपर लीक और चीटिंग की आशंका बेहद कम रहती है। मल्टीपल शिफ्ट और परसेंटाइल सिस्टम के जरिए लाखों छात्रों की परीक्षा पारदर्शी तरीके से कराई जा सकेगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ऑनलाइन परीक्षा लागू करने से पहले ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों को पर्याप्त कंप्यूटर एक्सपोजर और मॉक टेस्ट उपलब्ध कराना जरूरी होगा। इसके लिए सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में विशेष अभ्यास सत्र आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को नए सिस्टम से घबराहट न हो।

# दुर्घटना बीमा बना सहाराः डेयरी कर्मचारी के परिवार को 30 लाख रुपये की आर्थिक मदद

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** भीलवाड़ा डेयरी में कार्यरत दिवंगत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जगदीश चंद्र सेन के परिवार को दुर्घटना बीमा योजना के तहत 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। पंजाब नेशनल बैंक की ओर से दी गई इस मदद ने कठिन समय से गुजर रहे परिवार को बड़ा संबल दिया है। जानकारी के अनुसार, जगदीश चंद्र सेन का 18 सितंबर 2025 को एक सड़क हादसे में आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन के बाद परिवार आर्थिक संकट में आ गया था। डेयरी प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के वेतन खाते पंजाब नेशनल बैंक में संचालित किए जाते हैं, जिनके साथ निःशुल्क दुर्घटना बीमा सुविधा भी जुड़ी होती है। इसी योजना के तहत यह क्लेम राशि परिवार को दी गई।

इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख रितेश कुमार पटेल ने बताया कि बैंक अपने सैलरी खाताधारकों को विशेष दुर्घटना बीमा सुरक्षा प्रदान करता है, जो जरूरत के समय परिवारों के लिए बड़ा सहारा साबित होती है।

# डिजिटल प्रणाली से होगी जनगणना, 'कोई भी घर छूटे नहीं' के दिए निर्देश

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)** जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 16 मई से शुरू होगा। इसके तहत नगर पालिका पीसांगन कार्यालय में चार्ज जनगणना अधिकारी हेमेन्द्र सिंह ने प्रर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को जनगणना किट वितरित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।हेमेन्द्र सिंह ने कहा कि इस बार जनगणना आधुनिक एवं पूर्णतः डिजिटल स्वरूप में संपादित की जाएगी, जिससे डाटा की शुद्धता, पारदर्शिता एवं त्वरित विश्लेषण सुनिश्चित होगा। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि 'कोई भी घर छूटे नहीं' इस उद्देश्य के साथ सभी कार्मिक जिम्मेदारी से कार्य करें। इस दौरान अति. चार्ज जनगणना अधिकारी दिनेश आचार्य, योगेश कुमावत, मोहित गुरु सहित नियुक्त प्रर्यवेक्षक एवं प्रगणक मौजूद रहे। नगर पालिका पीसांगन कार्यालय में प्रर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को जनगणना किट वितरित करते अधिकारी।

# गौ सेवकों ने बीमार गौवंश को फलाहार करवाया

**मकराना (हुक्मनामा समाचार)** मकराना क्षेत्र में निराश्रित गौवंश को गर्मी से बचाने हेतु युवा गौ भक्तों की ओर से अनेक प्रकार के जतन किये जा रहे है। विशेष रूप से इन्हे गर्मी से बचाने के लिये ठंडे फलों का सेवन करवाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार युवा हिन्दू गौ रक्षा सेवा समिति मकराना द्वारा संचालित मंगलाना रोड़ स्थित गौमाता सर्किल गौवंश चिकित्सालय में इन दिनों भीषण गर्मी के बीच पीड़ित एवं चोटग्रस्त गौवंशों की निरंतर सेवा की जा रही है। समिति सदस्यों द्वारा प्रतिदिन घायल एवं बीमार गौवंशों को एंबुलेंस के माध्यम से चिकित्सालय लाकर उनका उपचार करवाया जा रहा है।



समिति के संस्थापक सुरेश कुमावत के अनुसार प्रतिदिन पीड़ित एवं चोटग्रस्त गौवंशों को उपचार हेतु लाया जाता है तथा वर्तमान में डेढ़ सौ से अधिक गौवंशों की सेवा, उपचार एवं देखभाल की जा रही है। तेज गर्मी को देखते हुए गौवंशों को तरबूज, खरबूजा एवं अन्य ठंडक देने वाले फल भी खिलाए जा रहे हैं। वहीं बीमार गौवंशों के लिए ग्लूकोज एवं आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था भी लगातार की जा रही है। समिति परिवार ने बताया कि गर्मी के कारण निराश्रित एवं घायल गौवंशों की स्थिति अत्यंत गंभीर हो जाती है। ऐसे समय में समाज के सहयोग की विशेष आवश्यकता रहती है। समिति ने सभी भामाशाहों, गौभक्तों एवं आमजन से अपील की है कि वे गौसेवा हेतु तरबूज, खरबूजा, हरा चारा, ग्लूकोज़ एवं दवाइयों के रूप में सहयोग प्रदान करें, ताकि पीड़ित गौवंशों को राहत मिल सके। बीमार गौवंश के उपचार के लिये भी समिति की ओर से चौबीस घण्अे के लिये विशेष इन्तजाम किये गये है।

समिति की सेवा गतिविधियों में विशेष रूप से युवा हिन्दू गौ रक्षा सेवा समिति मकराना संस्थापक सुरेश कुमावत, अध्यक्ष अंकित तंवर, संरक्षक मोहन सिंह चौहान, विजय कुमार लड्डा एवं समिति के सभी सदस्य निरंतर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। समिति ने कहा कि जनसहयोग से ही यह सेवा कार्य निरंतर संचालित हो पा रहा है और आगे भी गौमाता की सेवा इसी प्रकार जारी रहेगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### स्विफ्ट कार में भरी थी डोडा-चूरा की 11 बोरियांःसेंट्रल नार्कोटिक्स ब्यूरो टीम की कार्रवाई

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** स्विफ्ट कार से डोडा-चूरा की 11 बोरियां निकलीं। कुल वजन 195 किलो के करीब था। बड़ी खेप मिलने के बाद कार ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामला चित्तौड़गढ़ का है। कार्रवाई केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (कोटा) की टीम ने सारथला-सोमपुर रोड पर की।इनपुट मिलने के बाद एक्टिव हुई टीमजानकारी के अनुसार- ष्ट्वद्ब अधिकारियों को इनपुट मिला था कि सोमपुर गांव निवासी एक व्यक्ति राजस्थान नंबर की स्विफ्ट कार में अवैध डोडा-चूरा लेकर सारथला से सोमपुर की ओर जा रहा है।इसके बाद ष्ट्वद्ब कोटा के की स्पेशल टीम को मौके पर रवाना किया गया। टीम ने बताए हुए रोड पर काफी देर तक निगरानी रखी और आने-जाने वाले गाड़ियों पर नजर बनाए रखी। कुछ समय बाद अधिकारियों को स्विफ्ट कार दिखाई दी।टीम ने घेराबंदी कर कार को रोका। गाड़ी को रोकने के बाद अधिकारियों ने उसमें सवार व्यक्ति से पूछताछ की। आरोपी घबराया हुआ नजर आया। उसने स्वीकार कर लिया कि कार में डोडा चूरा रखा हुआ है। इसके बाद अधिकारियों ने आगे की कार्रवाई शुरू की।ष्ट्वद्ब कार्यालय ले जाकर ली तलाशीष्ट्वद्ब अधिकारी नरेश बुंदेल ने बताया- कार्रवाई गांव की अंदरूनी सड़क पर की थी। वहां सुरक्षा और अन्य कारणों से पूरी तलाशी लेना संभव नहीं था। ऐसे में अधिकारियों ने गाड़ी को सुरक्षित तरीके से ष्ट्वद्ब कार्यालय ले जाने का फैसला किया। कार्यालय पहुंचने के बाद कार की गहन जांच की गई।तलाशी के दौरान कार के अंदर से 11 बैग बरामद हुए, जिनमें भारी मात्रा में अवैध डोडा चूरा भरा हुआ था। सभी बैगों का वजन किया गया तो कुल वजन 195 किलो 290 ग्राम निकला। इसके बाद अधिकारियों ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए डोडा चूरा और स्विफ्ट कार को जब्त कर लिया। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। चित्तौड़गढ़ जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (ष्ट्वद्ब) कोटा की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक कार से डोडा चूरा बरामद किया है। यह कार्रवाई सारथला गांव से सोमपुर गांव को जोड़ने वाली अंदरूनी सड़क पर की गई। अधिकारियों ने एक मारुति स्विफ्ट कार को रोककर उसकी जांच की, जिसमें से कु 11 बैग में भरा हुआ 195 किलो 290 ग्राम अवैध डोडा चूरा मिला। मामले में कार में सवार एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। ष्ट्वद्ब अधिकारियों के अनुसार आरोपी के खिलाफ ह्रष्ठक्क्र की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

### बिजनेसमैन के घर से सोने-चांदी की ज्वेलरी और कैश चोरीःकिराएदारों को कमरे में बंद किया

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** चित्तौड़गढ़ शहर में कोर्ट के सामने स्थित महाराणा प्रताप कॉलोनी में गुरुवार रात चोरी की वारदात सामने आई। अज्ञात चोरों ने एक मार्बल व्यवसायी के सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के जेवर, नकदी और मोबाइल फोन चोरी कर लिए।घटना उस समय हुई जब परिवार एक दिन के लिए उदयपुर गया हुआ था। शुक्रवार सुबह जब परिवार वापस लौटा तो घर का सामान बिखरा मिला और अलमारी के ताले टूटे हुए थे।इसके बाद तुरंत सदर थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और चोरी करने वालों की तलाश की जा रही है।खिड़की का एंगल काटकर घर में घुसे चोरसदर थाने के एएसआई हीरालाल ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि चोर मकान की खिड़की में लगा लोहे का एंगल काटकर अंदर दाखिल हुए थे। मकान नीचे से बंद था, लेकिन ऊपर छत और मकान के दूसरे हिस्से में किरायेदार रह रहे थे। इसके बावजूद किसी को चोरी की भनक तक नहीं लगी।पुलिस के अनुसार यह मकान निर्मल शर्मा का है, जिनका वड़ोदरा में मार्बल का कारोबार है। उनकी पत्नी इंदुबाला शर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। गुरुवार को इंदुबाला अपनी बेटी को लेने उदयपुर गई थीं, जहां रात रुकना पड़ा।इसी दौरान चोरों ने घर को निशाना बना लिया। शुक्रवार सुबह चोरी की जानकारी मिलने के बाद परिवार चित्तौड़गढ़ पहुंचा। पुलिस ने परिवार के बयान लिए हैं और मौके से सबूत जुटाने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय से एमओबी टीम और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया है।सोना, चांदी, नकदी और मोबाइल लेकर फरार हुए बदमाशपरिवार के अनुसार, चोर घर से करीब 13 से 14 तोला सोने के गहने, लगभग तीन किलो चांदी, 50 हजार रुपए नकद और आंगनबाड़ी में उपयोग होने वाला मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। घर में रखी अलमारियों को खोलकर सामान खंगाला गया और पूरे कमरे में सामान फैला हुआ मिला।पीड़ित परिवार का कहना है कि यह उनकी जिंदगी भर की मेहनत की जमा पूंजी थी, जिसे चोर कुछ ही देर में लेकर चले गए। घटना के बाद परिवार सदमे में है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि चोरों को पहले से मकान के खाली होने की जानकारी थी या नहीं। पुलिस को शक है कि चोरी से पहले घर की रेकी की गई थी या फिर किसी जानकार ने बदमाशों को सूचना दी हो सकती है।

### 50 लाख से ज्यादा कीमत के गुम-चोरी हुए मोबाइल रिकवरः215 फोन बरामद कर मालिकों को लौटाए,

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।**अजमेर पुलिस की साइबर सेल और जिले के पुलिस थानों की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 215 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल फोन की कीमत 50 लाख रुपए से ज्यादा की बताई गई है।पुलिस ने बरामद एंड्रॉयड और ब्रांडेड मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए, जिसके बाद लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई। मोबाइल वापस मिलने पर कई लोगों ने अजमेर पुलिस का आभार जताते हुए कहा- 'थैंक यू अजमेर पुलिस'।खास बात यह रही कि कई मोबाइल राजस्थान के अलावा दूसरे राज्यों में भी एक्टिव मिले, जिन्हें तकनीकी ट्रैकिंग और लगातार मॉनिटरिंग के जरिए रिकवर किया गया।शुक्रवार को अजमेर एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला और एएसपी सिटी हिमांशु जांगिड़ ने पीड़ितों को उनके मोबाइल सौंप दिए गए।दरअसल, साइबर सेल और पुलिस थानों की टीमों ने ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल, तकनीकी विश्लेषण और फील्ड कार्रवाई के जरिए मोबाइल ट्रैक किए। पुलिस जांच में सामने आया कि कई मोबाइल अलग-अलग राज्यों में उपयोग किए जा रहे थे। इसके बाद पुलिस टीमों ने संबंधित क्षेत्रों में समन्वय स्थापित कर लगातार निगरानी की और मोबाइल बरामद करने में सफलता हासिल की।